राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 362
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 24 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा में युवती ने की आत्महत्या, प्रेमी गिरफ्तार
पेज 4 गजरौला में अवैध मिट्टी खनन चरम पर, प्रशासन मौन हाईवे पर
पेज 6 इंग्लैंड टीम आक्रामक रणनीति नहीं बदलेगी : मैकुलम

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रा से दुष्कर्म करने वाले शिक्षक को आजीवन कारावास की सजा, बर्खास्त

**थालास्सेरी।** केरल में थालास्सेरी फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय के न्यायाधीश जलराजनी एम. टी. ने 15 नवंबर को कदवथूर निवासी पद्मराजन के. उर्फ पप्पन मास्टर को विभिन्न धाराओं और पाक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने रविवार को कहा कि उस शिक्षक को बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वह भाजपा कार्यकर्ता भी था। शिवनकुट्टी ने कहा कि जिस स्कूल में पद्मराजन काम करता था, उसके प्रबंधक ने उसे सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है।

### मां-बाप ने नहीं दिया मोबाइल तो 8वीं की छात्रा ने दे दी जान

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में माता-पिता ने अपने बेटी को मोबाइल देने से मना किया तो जिद में आकर किशोरी ने आत्महत्या कर ली। कक्षा आठवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर अपने जान दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा। दरअसल, यह पूरा घटना नागपुर के चंकापुर इलाके के हनुमान मंदिर के पास की है। जहां आठवीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा ने सिर्फ इसलिए फांसी लगा ली क्योंकि माता-पिता ने उसे नया स्मार्टफोन खरीदने से मना कर दिया। परिजनों के अनुसार, 13वर्षीय बच्ची ऑनलाइन गेम्स की शौकीन थी।

# उत्तराखंड का जवान जम्मू के पुंछ में शहीद

एजेंसी

**चम्पावत।** उत्तराखंड के अग्निवीर दीपक सिंह जम्मू-कश्मीर के पुंछ में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से शहीद हो गए।

23 साल के दीपक मूल रूप से चंपावत के खरही गांव के रहने वाले थे और 10 दिन पहले ही छुट्टियां खत्म कर ड्यूटी पर लौटे थे। भारतीय सेना की 18 कुमाऊं रेजिमेंट में बतौर अग्निवीर तैनात दीपक, बीते कल एल ?ओसी पर ड्यूटी दे रहे थे, रेजिमेंट के अन्य जवानों के मुताबिक दोपहर के समय उन्हें गोली चलने की आवाज आई और जब उन्होंने दीपक को देखा तो वो खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े थे।

# साउथ अफ्रीका : जी 20 में पहली बार मेजबानी हैंडओवर नहीं हुई


### ट्रम्प के न आने से नाराज था साउथ अफ्रीका, अमेरिका बोला- यह ठीक नहीं किया

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग।** साउथ अफ्रीका में 20वां जी20 समिट रविवार को बिना औपचारिक हैंडओवर के समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल (अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा) नहीं सौंपा।

विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कहा कि आज कोई औपचारिक हैंडओवर सेरेमनी नहीं होगी। अमेरिका चाहे तो सोमवार से DIRCO (दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय) के दफ्तर से जी 20 से जुड़े दस्तावेज ले सकता है।

इसके बाद व्हाइट हाउस की डिप्टी सेकेट्री अन्ना केली ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका ने जी 20 का औपचारिक हैंडओवर नहीं कर गलत किया है।





### जूनियर अधिकारी को 'गवेल' देने को तैयार नहीं हुए अफ्रीकी राष्ट्रपति

दरअसल, हर जी20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, अगले मेजबानी करने वाले देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमेरिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं हुए। ट्रम्प ने कहा कि साउथ अफ्रीका में गोरे ईसाइयों को मारा जा रहा है और उनकी जमीन छीनी जा रही है। इसके विरोध में उन्होंने शामिल होने से इनकार कर दिया था। हालांकि बाद में उन्होंने जी20 हैंडओवर के लिए एक राजदूत को भेजने की बात कही थी लेकिन साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वे किसी जूनियर अधिकारी को गवेल देने की बजाए एक खाली कुर्सी को मेजबानी सौंप देंगे।

# पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी, मैदानी इलाकों में कड़ाके की सर्दी



- एमपी के 7 शहरों में तापमान 10 से नीचे
- राजस्थान में हवा जहरीली, 4 शहरों में 300+ एक्यूआई
- बिहार में घना कोहरा, 10 ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों पर बर्फबारी हो रही है। इससे मैदानी इलाकों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर समेत 7 शहरों में शनिवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 6.2 डिग्री दर्ज किया गया।

राजस्थान में सर्दी के साथ धुंध का असर बढ़ने लगा है। इसके कारण शहरों में प्रदूषण भी बढ़ गया है। शनिवार शाम को भिवाड़ी, जयपुर, कोटा, टोंक में एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल 300 से ऊपर दर्ज हुआ। 8 शहरों में एक्यूआई 200 से ऊपर रहा।

यूपी और बिहार में अब तक सर्दी से राहत थी, लेकिन सोमवार से तापमान गिरने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, यूपी में पहाड़ों से ठंडी हवाएं आने लगी हैं। इसके कारण, अगले पांच दिनों के दौरान राज्य का तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिरने की आशंका है।

बिहार में 24 नवंबर के बाद तापमान गिरने लगेगा। 27-28 नवंबर तक भीषण सर्दी पड़ सकती है। कई शहरों में अभी से घना कोहरे छाने लगा है। कोहरे की वजह से रविवार को बिहार आने वाले 10 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से गुजरने वाली ट्रेनें सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

### हिमाचल-उत्तराखंड में तापमान माइनस में पहुंचा

हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में शनिवार को शीतलहर चली। लाहौल जिले के ताबो में न्यूनतम तापमान -6.6 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य के ऊंचाई वाले कई इलाकों में पारा सात से बारह डिग्री नीचे चला गया, जिससे झरने, झीलें, छोटी नदियां जम गईं। इधर, उत्तराखंड के चमोली में भारत के प्रथम गांव माणा के पास 18 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित धार्मिक स्थल देवताल का पानी जमने लगा है। बद्रीनाथ में शनिवार को न्यूनतम तापमान -11 पहुंच गया।

### विरोध प्रदर्शन





चेन्नेई में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान स्वयंसेवक कुत्तों को गोद में लिए हुए हैं। यह प्रदर्शन कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं के बाद राजधानी से आवारा कुत्तों को हटाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरोध में किया जा रहा है।

### अमेरिका का वीजा नहीं मिला तो सुसाइड किया

हैदराबाद। हैदराबाद में रहने वाली महिला डॉ. रोहिणी (38) ने अमेरिका का वीजा नहीं मिलने पर सुसाइड कर लिया। उसकी लाश फ्लैट से बरामद हुई। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें वीजा नहीं मिलने के कारण डिप्रेशन होने और इसी वजह से सुसाइड करने की बात लिखी हुई है। चिलकलगुडा थाना पुलिस ने बताया कि घटना 21 नवंबर की रात की है। रोहिणी ने या तो नींद की गोलियां की ओवरडोज की थी या किसी तरह का इंजेक्शन लिया था। मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। मामले की जांच दूसरे एंगल से भी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि रोहिणी आंध्र प्रदेश के गुंटूर की रहने वाली थी। हैदराबाद में पदमा नगर में फ्लैट लेकर रहती थी। 22 नवंबर की सुबह रोहिणी की मेड फ्लैट पर पहुंची थी। उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन रोहिणी ने दरवाजा नहीं खोला। काफी देर वो दरवाजा खुलने का प्रयास करती रही। कॉल भी किए लेकिन रोहिणी ने रिसीव नहीं किए।

# विंग कमांडर का हिमाचल में अंतिम संस्कार

### पायलट पत्नी ने वर्दी में आखिरी सैल्यूट किया; दुबई एयर शो में तेजस क्रैश होने से शहीद हुए थे



**शिमला।** दुबई एयर शो में लड़ाकू विमान तेजस क्रैश में जान गंवाने वाले विंग कमांडर नमांश स्याल को रविवार को अंतिम विदाई दी गई। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में पैतृक गांव पटियालकर में चचेरे भाई निशांत ने उन्हें मुखाग्नि दी।

दोपहर में उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा था। अंतिम संस्कार के मौके पर उनकी पायलट पत्नी अफसान वर्दी पहनकर अंतिम दर्शन करने पहुंचीं। जहां उन्होंने पति को अंतिम सैल्यूट किया। एयरफोर्स के अधिकारी उन्हें संभालते हुए दिखे।

इससे पहले दोपहर 1 बजे गग्गल एयरपोर्ट पर कैबिनेट मंत्री यादवेंद्र गोमा, नगरोटा बगवां से विधायक आरएस बाली और शाहपुर से विधायक केवल सिंह पठानिया ने उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार को दुबई एयर शो के दौरान भारतीय वायुसेना का तेजस लड़ाकू विमान एक फ्लाइंग एक्सरसाइज के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में कांगड़ा निवासी विंग कमांडर नमांश स्याल (34) शहीद हो गए थे। भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 2 बजे, तेजस विमान हवा में करतब दिखा रहा था कि अचानक नियंत्रण खो बैठा और दर्शकों के सामने जमीन से जा टकराया। टक्कर के कुछ ही क्षण बाद आग का बड़ा गोला और धुएं का गुबार उठता नजर आया। हादसा इतना तेज था कि पायलट खुद को बचा नहीं सके।



### हैप्पी मॉर्निंग


लड़की- मत कर मेरा पीछा, एक
दिन तू ऐसा पछताएगा
मेरे कॉलेज के बाहर पानी पूरी की
दुकान लगाएगा
लड़का- ठुकरा के मेरे प्यार को,
एक दिन तू भी
पछताएगी उसी पानी पूरी की
दुकान पर प्लेट मांजती
नजर
आएगी



### शायरी

अगर है इंसान का मुक़द्दर ख़ुद
अपनी मिट्टी का रिज़्क़ होना
तो फिर ज़मीं पर ये आसमाँ का
वजूद किस क़हर के लिए है

### अर्थसार



सेंसेक्स:
85,231.92
-400.76 (0.47%)
निफ्टी:
26,068.15
-124.00

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 10 डिग्री से0 |
| सूयोदय मंगलवार | : | 6 : 54 |
| सूर्यास्त सोमवार | : | 5 : 26 |

# उत्तराखंड-अल्मोड़ा में स्कूल के पास 20 किलो विस्फोटक बरामद

### बच्चों ने देखा, फिर टीचर-पुलिस को बताया; आसपास के इलाके में तलाशी जारी

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास शुक्रवार को 20 किलो विस्फोटक मिला था। इसके बाद रविवार सुबह एसपी मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

पुलिस की टीमें स्कूल के आसपास के इलाके में तलाशी अभियान चला रही हैं। यह विस्फोटक सबसे पहले गुरुवार को स्कूल के कुछ बच्चों ने झाड़ियों में देखा था। बच्चों ने इसकी सूचना शिक्षकों और फिर पुलिस को दी, जिसके बाद शुक्रवार को भिकियासैंण पुलिस, डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थी, जहां से 20 किलो 125 ग्राम 161 जिलेटिन छड़ें बरामद कीं गईं। हाल ही में हुए दिल्ली ब्लास्ट के बाद पूरे प्रदेश की पुलिस अलर्ट मोड पर है, ऐसे में अल्मोड़ा से मिले विस्फोटक के बाद पुलिस ने फौरन एक्शन लेते हुए एक अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 4(क) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 एवं 288 के तहत केस दर्ज किया है।



# दिल्ली ब्लास्ट- उमर को जमात से 40 लाख मिले थे

### हिसाब गड़बड़ हुआ तो उमर-मुजम्मिल झगड़े; पुलिस ने फरीदाबाद में मस्जिद, घर, होटल, गोदाम खंगाले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 10 नवंबर को हुए कार ब्लास्ट में शामिल सुसाइड बॉम्बर डॉ. उमर और डॉ. मुजम्मिल के बीच 40 लाख रुपए को लेकर झगड़ा हुआ था। फंडिंग जमात की तरफ से हुई थी। इसी पैसे से सामान खरीदने में हुए खर्च को लेकर उमर और मुजम्मिल की बीच तनाव था।

एनआईए टीम यूनिवर्सिटी के पास की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसे ही जमात के जरिए कई लाख रुपए मिले थे, जिसका इस्तेमाल मुजम्मिल ने ब्लास्ट के लिए सामान खरीदने में किया था।

सूत्रों के मुताबिक इन्हीं पैसों में हेरफेर को लेकर मुजम्मिल और उमर के बीच तनाव था।

इधर, फरीदाबाद में पुलिस ने धौज गांव समेत 4 थाना क्षेत्रों में शनिवार को सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीम ने दिनभर मस्जिदों, दुकानों, होटलों, घरों व गोदामों में चेकिंग की।



### हर आतंकी का अलग हैंडलर, मल्टी लेयर चेन में की प्लानिंग

इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया मॉड्यूल का हर आरोपी एक अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, जबकि ब्लास्ट करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। दो खास हैंडलर मंसूर और हाशिम एक सीनियर हैंडलर इब्राहिम के अंडर काम कर रहे थे, जो मॉड्यूल की पूरी एक्टिविटीज को सुपरवाइज कर रहा था। ये सभी हैंडलर लेयर्स में काम कर रहे थे।

दिल्ली की एक कोर्ट ने शनिवार को लाल किला ब्लास्ट केस के आरोपी जसीर बिलाल वानी की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी हेडक्वार्टर में अपने वकील से मिलने की अर्जी मंजूर कर ली। शुक्रवार को, दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी की अर्जी मंजूर करने का ऑर्डर देने से यह कहते हुए मना कर दिया कि वह ट्रायल कोर्ट द्वारा उसकी अर्जी खारिज करने का कोई ऑर्डर नहीं दिखा सका।

# दिल्ली में 262 करोड़ का 328 किलो ड्रग्स जब्त

### इंटरनेशनल कार्टेल का भंडाफोड़ करने पर गृहमंत्री ने सराहा

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस के साथ मिलकर नगालैंड की रहने वाली एक युवती समेत दो ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर एक अंतराष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग्स कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई आपरेशन क्रिस्टल फोर्ट्रेस के तहत की गई।

इनकी निशानदेही पर छतरपुर स्थित किराए के फ्लैट से 262 करोड़ रुपये कीमत की 328.54 किलोग्राम मेथामफेटामाइन नामक ड्रग्स बरामद की गई है।

#### किराए पर लिया था कमरा

नगालैंड की रहने वाली युवती ने छतरपुर में यह फ्लैट ड्रग्स तस्करी के लिए किराए पर लिया था। एजेंसी का दावा है कि इस सिंडिकेट के तार दुबई से लेकर दिल्ली व पूर्वोत्तर राज्यों में फैले हैं। दिल्ली में मेथामफेटामाइन की यह सबसे बड़ी जब्ती में से एक माना जा रहा है।

एनसीबी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए तस्करों के नाम शाने वारिस व एस्थर किनिमी है। शाने वारिस को 20 नवंबर की सुबह दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश अमरोहा के मंगरौली गांव का रहने वाला है।



वह पिछले कुछ महीने से नोएडा सेक्टर-पांच में किराए के मकान में रह रहा था और फेक सिमकार्ड, वाट्सएप, जैंगी और दूसरे सुरक्षित एप से दुबई से लगातार एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन के जरिये जुड़ा हुआ था।

नोएडा में बैठकर वह दुबई के अपने सरगना के इशारे पर सिंथेटिक ड्रग्स की डिलीवरी, पिकअप और स्टोरेज मैनेज करता था। उससे पूछताछ के बाद एस्थर किनिमी नाम की युवती को गिरफ्तार किया गया जो नगालैंड से ताल्लुक रखती है।

### रायसेन में छह साल की बच्ची से दरिंदगी

**रायसेन।** मध्य प्रदेश में रायसेन जिले के गौहरगंज थाना क्षेत्र में छह साल की बच्ची से दरिंदगी की की गई। मासूम लहूलुहान अवस्था में जंगल में मिली। भोपाल के अस्पताल में भर्ती बच्ची की सर्जरी करनी पड़ी। फिलहाल, उसे आइसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। शनिवार रात को अंजाम दी गई इस वारदात के विरोध में रविवार को पूरे दिन रायसेन जिले में बेहद आक्रोश देखने को मिला है। इस दरिंदगी को अंजाम देने का आरोपित सलमान खान उर्फ नजर फरार है। उसकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने ओबेदुल्लागंज और सुल्तानपुर कस्बों में जाम लगाया, जिसमें आम लोग भी शामिल हो गए। समर्थन में मुस्लिमों ने भी हिस्सा लिया।

सामूहिक फैसला

### फास्ट फूड पर भी रोक; उत्तराखंड के जनजातीय गांवों ने बनाया नियम

# शादी के दिन शराब पिलाने पर 1 लाख का जुर्माना

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के जौनसार-बावर क्षेत्र में सामाजिक समानता और परंपराओं को मजबूत करने के लिए बड़ा सामूहिक फैसला लिया गया है। खत शैली से जुड़े 25 गांवों ने तय किया है कि अब शादी और शुभ आयोजनों को पूरी सादगी से मनाया जाएगा। इन गांवों में शराब, फास्ट फूड और महंगे तोहफे पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। परंपरागत और सरल आयोजन को बढ़ावा देने के लिए बेटी की ओर से बकरा देने की प्रथा भी खत्म कर दी गई है।

नियम का उल्लंघन करने वालों से एक लाख रुपए का जुर्माना वसूलने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला दोहा गांव में खत के सदर स्याणा राजेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।



#### शादी में शराब, फास्ट फूड और महंगे गिफ्ट पूरी तरह बंद

दोहा गांव में हुई बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि शादी और शुभ कार्यक्रमों में अंग्रेजी शराब, बीयर, चाऊमीन, मोमो, टिक्की, चाट और अन्य फास्ट फूड परोसना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही चांदी के सिक्के, ड्राई फ्रूट्स और महंगे उपहार देने-लेने पर रोक लगा दी गई है। परंपरा अनुसार केवल मामा की ओर से आटा, चावल और बकरा लाने की अनुमति रहेगी।

#### महिलाओं के गहनों पर पहले से लागू है '3 गहने' का नियम

जौनसार-बावर के कई गांव पहले ही यह नियम लागू कर चुके हैं कि शादी जैसे समारोहों में महिलाएं केवल तीन पारंपरिक गहने ही पहन सकती हैं। कंधाड़ और खारसी गांवों में यह निर्णय इसलिए लिया गया था ताकि कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों पर कर्ज लेकर सोने के गहने बनवाने का दबाव न पड़े। सोने के बढ़ते दामों के बीच यह कदम सामाजिक समानता की दिशा में बड़ा प्रयास माना गया।

#### अब समझिए क्यों लिया गया यह फैसला

समारोहों में आधुनिक दिखावे, अतिरिक्त खर्च और प्रतिस्पर्धा बढ़ने लगी थी। कई परिवार कर्ज लेकर गहने, महंगे तोहफे और फास्ट फूड की व्यवस्था करते थे। खत शैली की बैठक में तय किया गया कि ऐसे खर्च समाज में असमानता पैदा करते हैं।सरल आयोजन से आर्थिक दबाव घटेगा और अमीर-गरीब के बीच की खाई कम होगी। इसके साथ सामाजिक एकता और पारंपरिक रीति-रिवाजों को बढ़ावा मिलेगा।

## संपादकीय

# इनपुट के नाम पर जीएसटी का खेल, किसकी जेब भर रही है सरकार?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### सुधार नहीं, आधुनिक जनसूचना का सबसे बड़ा धोखा

जीएसटी को लेकर जनता को सपना दिखाया गया था —

'वन नेशन, वन टैक्स।'

लेकिन आज स्थिति यह है कि जीएसटी देश का सबसे बड़ा संगठित टैक्स जाल बन गया है, जिसमें सरकार, अधिकारी और बिलिंग माफिया की तिकड़ी जनता की जेब काटने का नया तरीका खोज चुकी है।

इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) वह चाबी है जिसके नाम पर अरबों की चोरी सफ़ेद कागज़ पर काले अक्षरों में वैध घोषित कर दी जाती है।

आम आदमी टैक्स दे-देकर थक गया, और कुछ चुनिंदा लोग इनपुट के नाम पर करोड़ों जीएसटी पचा जाते हैं।

### इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) — घोटाले का सबसे सभ्य रूप

* नकली कंपनियाँ
* नकली खरीद
* नकली सप्लाई
* नकली बिल

और फिर इससे क्लेम किया गया सैकड़ों करोड़ का नकली इनपुट टैक्स क्रेडिट।

### सरकारी रिपोर्टें खुद कहती हैं —

पिछले पाँच साल में 2,00,000 करोड़ का आईटीसी घोटाला पकड़ा गया। जो पकड़ा गया वह सिर्फ़ 'शीर्ष' है, असली 'घोटाला पर्वत' अभी भी जमीन के नीचे दबा पड़ा है।

### क़ानून किसका? — छोटे पर डंडा, बड़े पर छाता

**जीएसटी विभाग किसे पकड़ रहा है?**

* छोटे दुकानदार
* छोटे व्यापारी
* सब्ज़ी वाले
* कसाई
* छोटे बिलिंग वाले

क्योंकि बड़े कारोबारी और बड़े कारखानों के पास 'क़ानून बनाने वाले' बैठे हैं, जबकि छोटे व्यापारियों के पास सिर्फ़ क़ानून मानने की मजबूरी।

**आज जीएसटी भारत का पहला ऐसा कानून है—**

जो गरीबों के लिए हथौड़ा है और अमीरों के लिए छाता।

### इनपुट का ठेका — जनता पर टैक्स, फायदे दलालों पर

हर महीने घोषणा होती है —

"GST collection all-time high!"

पर इस 'हाई' का असर केवल जनता के खर्चों पर दिखता है:

* महंगाई हाई
* सिलेंडर हाई
* रेल किराया हाई
* बिजली बिल हाई
* और सरकारी सेवाएँ लोअर से भी नीचे।

### तो सवाल साफ़ है —

अगर टैक्स वसूली रिकॉर्ड पर है, तो सेवाएँ कब रिकॉर्ड पर आएँगी?

* अस्पतालों में बेड क्यों नहीं?
* सरकारी स्कूल खंडहर क्यों हैं?
* युवाओं को नौकरी क्यों नहीं?
* रोड टूटी, बिजली महंगी — पैसा गया कहाँ?

क्योंकि टैक्स विकास पर नहीं, प्रचार और राजनीति पर खर्च हो रहा है।

### करदाता का सवाल — 'मेरे पैसे का हिसाब दो'

यह लड़ाई राजनीति की नहीं—

यह लड़ाई ईमानदार करदाता बनाम सरकारी-व्यापारी गठजोड़ की है।

### आम नागरिक आज सिर्फ़ एक प्रश्न पूछ रहा है—

☞ 'इनपुट क्रेडिट का लाभ किसकी जेब में गया?'

☞ 'मेरा टैक्स मेरा विकास क्यों नहीं बना?'

### अब इनपुट नहीं, आउटपुट की मांग होगी

देश की जनता अब समझ चुकी है।

अब जमाना बदल चुका है —

इनपुट के नाम पर लूट नहीं चलेगी।

### अब जनता कहेगी

* 'पहले काम दिखाओ — फिर टैक्स लो।'
* 'पहले अस्पताल बनाओ — फिर वसूली करो।'
* 'पहले रोजगार दो — फिर जीएसटी मांगो।'

जब नागरिक सवाल पूछते हैं — सत्ता कांपती है, और साम्राज्य ढह जाते हैं।

### अंत में एक जलता हुआ तीखा सवाल

'इनपुट क्रेडिट देश के विकास का औजार है या दलालों की अंधेर नगरी का लाइसेंस?' देश जवाब चाहता है — और जवाब देना ही होगा।

## दुश्मनी का रंग हमें पसंद आया

तुम्हारी दुश्मनी का रंग हमें पसंद आया,
बड़ी शिद्दत से तुम्हारा संग हमें पसंद आया।

अभी मासूमियत का रंग है चेहरे पर जारी,
गुस्से में तुम्हारे चेहरे का रंग हमें पसंद आया।

रक़ीबों-सी न तिरछी नज़र से देखा कीजिये,
आंखों का वो लाल रंग हमें पसंद आया।

इक हँसी शाम सुलह को जब भी चले आए,
तुम्हारे होठों का सुर्ख लाल रंग हमें पसंद।

तेरी अदावत भी बड़ी फकत हसीन निकली,
रूब-रू ना आके लेना जंग हमें पसंद आया।

ख़ुदा ने नफ़ासतें भी तुम पर ही लुटा डालीं,
कभी भी बिजली-सा कड़क ढंग हमें पसंद आया।

कहोगी लौट कर अब हम न आएँगे कभी लेकिन
अगली सांझ मुझसे मिलने का ढंग हमें पसंद आया।

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# बांग्लादेश के न्यायिक संकट और भारत का कूटनीतिक संतुलन

### शेख हसीना को सुनाई गई मृत्युदंड की सजा के बाद दक्षिण एशियाई राजनीति में उभरते नए समीकरणों का विश्लेषण

बांग्लादेश के विशेष न्यायाधिकरण द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सुनाई गई मृत्युदंड की सजा ने दक्षिण एशिया की राजनीति को गहरे तक झकझोर दिया है। यह फैसला न केवल बांग्लादेश की लोकतांत्रिक विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि भारत को भी अभूतपूर्व कूटनीतिक दुविधा में डालता है। भारत को हसीना की सुरक्षा, प्रत्यर्पण की मांग, सीमा-सुरक्षा, आर्थिक हितों, और क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन के बीच अत्यंत संवेदनशील चालन करना होगा। यह पूरा घटनाक्रम दर्शाता है कि घरेलू राजनीतिक संकट किस प्रकार पड़ोसी देशों के लिए बहुआयामी रणनीतिक चुनौती बन जाता है।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**



बांग्लादेश की राजनीति में अभूतपूर्व उथल-पुथल के बीच पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश के न्यायाधिकरण द्वारा मृत्युदंड सुनाया जाना केवल एक अदालती फैसला नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई भू-राजनीतिक परिदृश्य को हिला देने वाला ऐतिहासिक घटना-क्रम है। यह सजा उस समय सुनाई गई जब हसीना पहले से ही भारत में राजनीतिक शरण जैसी स्थिति में रह रही थीं और बांग्लादेश में उनकी सरकार के विरोध में विस्तृत जन-आक्रोश तथा हिंसक आंदोलनों की पृष्ठभूमि मौजूद थी। इस फैसले ने बांग्लादेश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता, न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और शासन की स्थिरता को तीव्र विवाद के केंद्र में ला दिया है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि यह स्थिति भारत को किस प्रकार गहरे कूटनीतिक द्वंद्व में धकेल रही है, जहाँ हर कदम क्षेत्रीय समीकरणों और द्विपक्षीय हितों पर दूरगामी प्रभाव डाल सकता है।

भारत के लिए सबसे पहली चुनौती यह है कि वह इस फैसले पर कैसी आधिकारिक प्रतिक्रिया दर्ज करे। भारत बांग्लादेश का सबसे नजदीकी और सबसे बड़ा साझेदार देश है, जिसके साथ सुरक्षा, व्यापार, ऊर्जा, सीमा-प्रबंधन, कनेक्टिविटी और सांस्कृतिक अन्त:संबंध जैसे अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्र जुड़े हुए हैं। इसलिए भारत किसी भी प्रकार की खुली निंदा या समर्थन का जोखिम उठाने की स्थिति में नहीं है।

भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानवाधिकार, न्यायिक निष्पक्षता और राजनीतिक स्थिरता के सिद्धांतों को भी साथ में लेकर चलना है, जो उसे क्षेत्रीय नेतृत्व के मानक पर कसते हैं। इसके साथ ही बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप-नही-करने की नीति भी भारत के लिए अनिवार्य वास्तविकता है।

यही कारण है कि भारत के कूटनीतिक वक्तव्यों का स्वर अत्यंत संयत, सावधान और संतुलित रहा है।

भारत के सामने दूसरी बड़ी चुनौती शेख हसीना की सुरक्षा और उनके प्रत्यर्पण की संभावित मांग है। हसीना लंबे समय से भारत में सुरक्षित हैं और बांग्लादेश की नई सत्ता-व्यवस्था व न्यायाधिकरण द्वारा उनका प्रत्यर्पण माँगा जाना लगभग निश्चित है। लेकिन भारत-बांग्लादेश प्रत्यर्पण संधि में राजनीतिक अपराध अपवाद का स्पष्ट उल्लेख है, जो भारत को कानूनी आधार देता है कि वह हसीना को बांग्लादेश भेजने से इनकार कर सके। इसके अतिरिक्त, यदि भारत उन्हें प्रतिपक्षीय हिंसा या पक्षपातपूर्ण मुकदमे का शिकार मानता है, तो प्रत्यर्पण देना भारत के मानवाधिकार और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के विरुद्ध होगा। किंतु इससे बांग्लादेश सरकार के साथ तनाव बढ़ सकता है, और भारतीय कूटनीति को इसे अत्यंत सावधानी से संभालने की आवश्यकता है।

भारत को इस स्थिति का तीसरा बड़ा आयाम क्षेत्रीय स्थिरता के संदर्भ में देखना आवश्यक है। भारत और बांग्लादेश लगभग चार हजार किलोमीटर लंबी साझा सीमा साझा करते हैं, जहाँ अशांति फैलने या राजनीतिक हिंसा बढ़ने से सीमा सुरक्षा, सीमा-पार अपराध, अवैध आवागमन, शरणार्थी प्रवाह और कट्टरपंथी समूहों की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मिज़ोरम और असम जैसे राज्यों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ सकता है। बांग्लादेश की स्थिरता भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी किसी अन्य राष्ट्रीय रणनीति के लिए। इसलिए भारत चाहता है कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया, सामाजिक शांति और प्रभावी शासन जितनी जल्दी बहाल हो सके, उतना बेहतर है।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि बांग्लादेश की राजनीति में अस्थिरता से भारत-बांग्लादेश आर्थिक संबंधों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

दोनों देशों के बीच व्यापक व्यापारिक विनिमय, औद्योगिक सहयोग, बिजली और गैस पाइपलाइन परियोजनाएँ, बंदरगाह विकास समझौते, सीमा-पार रेल और सड़क कनेक्टिविटी, और कई आर्थिक गलियारे चल रहे हैं। यदि बांग्लादेश में राजनीतिक संकट लंबा खिंचता है, तो इन परियोजनाओं की गति धीमी पड़ सकती है, निवेश वातावरण प्रभावित हो सकता है और व्यापार बाधित हो सकता है।

यह विशेष रूप से उस समय और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है जब क्षेत्रीय शक्तियाँ—विशेषत: चीन—बांग्लादेश में सक्रिय रूप से अपनी उपस्थिति बढ़ा रही हों।

चीन-बांग्लादेश संबंध भारत के लिए लंबे समय से चिंता का विषय रहे हैं। चीन ने बांग्लादेश में बड़े-बड़े बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं, समुद्री समझौतों और सामरिक ठिकानों के माध्यम से अपने प्रभाव का विस्तार किया है।

यदि राजनीतिक अस्थिरता के दौरान भारत-बांग्लादेश संबंध कमजोर पड़ते हैं, तो यह चीन को एक बड़ा अवसर प्रदान कर सकता है। इसलिए भारत को ऐसी किसी भी स्थिति से बचना होगा जहाँ उसकी तटस्थता या हसीना के प्रति सहानुभूति को नई बांग्लादेशी सत्ता भारत-विरोधी या अपना-नुकसान समझने लगे। भारत के लिए यह पूर्णत: रणनीतिक चुनौती है- उसे लोकतंत्र और न्यायिक निष्पक्षता का समर्थन भी करना है और अपनी क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा व सामरिक हितों की रक्षा भी।

अमेरिका और पाकिस्तान जैसे देशों की नीतियाँ भी इस घटनाक्रम को और जटिल बनाती हैं। अमेरिका ने कई बार बांग्लादेश में चुनावी पारदर्शिता और मानवाधिकार उल्लंघन पर चिंता जताई है, जबकि पाकिस्तान बांग्लादेश के राजनीतिक उद्देश्यों को भारत-विरोधी दिशा में मोड़ने की कोशिश कर सकता है। भारत इस त्रिकोणीय दबाव के बीच संतुलन साधते हुए एक ऐसी रणनीति अपना रहा है जिसमें वह न तो क्षेत्रीय शक्ति-नीतियों में पीछे हटे और न ही किसी प्रत्यक्ष विवाद में उलझे। भारत का यह संतुलन उसके व्यापक दक्षिण एशिया दृष्टिकोण को भी परिभाषित करता है।


लोग-से-लोग संपर्कों और सांस्कृतिक जुड़ावों पर भी इस घटनाक्रम का असर पड़ सकता है। लाखों बांग्लादेशी भारत में कार्यरत हैं, पढ़ते हैं, आते-जाते हैं और सांस्कृतिक विनिमय करते हैं। यदि बांग्लादेश की नई सत्ता भारत के रुख से असंतुष्ट होती है तो इन लोगों पर दबाव बढ़ सकता है, जो दोनों देशों के सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण को अस्थिर कर सकता है। वहीं भारत में रहने वाले बांग्लादेशी शरणार्थियों को भी अधिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

सार रूप में देखा जाए तो शेख हसीना को सुनाई गई मृत्युदंड की सजा बांग्लादेश के भीतर गहरा राजनीतिक-न्यायिक संकट है, लेकिन इसका प्रभाव केवल वहीं सीमित नहीं रहता; यह पूरे दक्षिण एशिया के कूटनीतिक, आर्थिक, सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करता है। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे, बल्कि यह भी सुनिश्चित करे कि बांग्लादेश में स्थिरता, लोकतंत्र और न्यायपूर्ण शासन की दिशा में सकारात्मक प्रगति हो। भारत की कूटनीति को धैर्य, सूझबूझ और उच्चतर संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ना होगा।

अंतत:, यह घटनाक्रम भारत को यह याद दिलाता है कि पड़ोसी देशों की घरेलू राजनीति कभी अकेली नहीं होती; वह सीमाओं से परे प्रभाव डालती है और शक्ति-संतुलन की नई सिरों पर प्रश्न उठाती है। भारत को ऐसे समय में वही भूमिका निभानी है जिसकी उम्मीद एक जिम्मेदार, लोकतांत्रिक और क्षेत्रीय नेतृत्वकर्ता शक्ति से की जाती है—संवेदनशील लेकिन दृढ़, संतुलित लेकिन सिद्धांतनिष्ठ, और तटस्थ लेकिन मानवीय दृष्टिकोण से समृद्ध।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3719




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3718 का हल



## लॉफिंग जौन

प्रेमिका : मेरे होंठ गुलाब की पंखुड़ी जैसे हैं ना।

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : मेरी आँखें कमल के फूल जैसी हैं ना?

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : मेरी आवाज कोयल जैसी है ना?

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : मेरी चाल मोरनी जैसी है ना?

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : ओह! तुम कितनी अच्छी बातें करते हो।

□ □ □

एक दिलफेंक आशिक ने एक युवती को पकड़ा और सरेआम किस कर दिया।

युवती बोली- तुमने ये क्या किया?

युवक- तो इसे कहते हैं डायरेक्ट मार्केटिंग।


युवती ने युवक का कॉलर जोर से पकड़ा और खींचकर एक जोर का चाँटा रसीद कर दिया।

युवक- अब ये क्या था?

युवती- इसे कहते हैं कस्टमर फीडबैक।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3719



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3718



## सूडोकु -3719


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3718 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 3719



**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीडा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली - 3718 का हल



# 'ESCON Infra ITC Scam : 'छापा नहीं, नोटिस नहीं, जांच नहीं' — करोड़ों का खेल और सत्ता की ढाल ?'

जितेन्द्र चौधरी
प्रधान संपादक — विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

## पहली बार देश में — घोटाले का इनाम, सजा नहीं!

जीएसटी के नाम पर देश में ईमानदार करदाता रोज़ निचोड़ा जा रहा है।

छोटे दुकानदार को छोटी-सी बिलिंग गलती पर सीलिंग, छापा, बैंक खाते सीज़ और जेल दिखा दी जाती है।

## लेकिन ESCON Infra और उसके डायरेक्टर्स पर —

☞ न छापा
☞ न नोटिस
☞ न जाँच
☞ और व्यापार आज भी पहले की तरह फल-फूल रहा है

क्या यह लोकतंत्र है या दलालों की खुली रियासत?

## कंपनी और डायरेक्टर्स पर गंभीर आरोप

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, ESCON Infra Private Limited और उसके डायरेक्टर्स पर आरोप है कि

- फर्जी बिलिंग के जरिए सैकड़ों करोड़ की खरीद दिखायी गई
- बोगस सब-कॉन्ट्रैक्टर और नकली सप्लाई एंट्री का उपयोग किया गया
- ग्राउंड पर काम अधूरा या नाममात्र, लेकिन कागज़ पर पूर्ण दिखाया गया
- इस आधार पर भारी भरकम इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) रिफंड लिया गया

यानी —

कागज़ पर प्रोजेक्ट पूरे — जमीन पर अधूरे, लेकिन इनपुट पूरा खा लिया गया।

## प्रोजेक्ट्स की असली हकीकत — सिर्फ़ चमकदार बोर्ड, भीतर अँधेरा

रिपोर्ट्स बताती हैं कि ESCON Infra जिन बड़े प्रोजेक्ट्स का प्रचार कर रही है, उनमें से कई:

- सालों से अधूरे पड़े हैं
- साइट पर काम बेहद धीमा या रुका हुआ है
- खरीदार और निवेशक परेशान होकर भटक रहे हैं
- प्रोजेक्ट्स अक्सर सिर्फ़ सेल्स ब्रॉशर और विज्ञापनों तक सीमित हैं

**प्रोजेक्ट्स की सूची जिनमें आईटीसी का उपयोग और प्रगति के बीच बड़ा अंतर पाया गया**

(विस्तृत विवरण जल्द)

(पूरा डेटा और दस्तावेज़ अगले चरण में जारी किए जाएंगे)

## बड़ा सवाल

**जब प्रोजेक्ट अधूरे हैं, तो आईटीसी किस आधार पर मंजूर किया गया?**

**रिफंड किस जेब में गया? — बड़े सवाल जिनका जवाब सरकार को देना होगा**

- फर्जी बिल पास करने वाला अधिकारी कौन था?
- बैंक ट्रेल कहाँ ले जाती है?
- सब-कॉन्ट्रैक्टर असली हैं या सिर्फ़ रबर स्टांप कंपनियाँ?
- किस नेता/मंत्री की छतरी में कंपनी को संरक्षण मिला?

🗳 यह टैक्स नहीं — यह जनता के पैसे की डकैती है

🗳 यह घोटाला नहीं — सिस्टम का बलात्कार है

## कानून दो — एक गरीब के लिए, एक अमीर के लिए?

**जीएसटी विभाग**

- चाय वाले पर भी कार्रवाई करता है
- सब्ज़ीफल वालों पर चालान काटता है
- छोटे व्यापारियों की दुकानें सील करता है

लेकिन ESCON Infra जैसे घोटालों पर?

मौत की चुप्पी।

क्यों?

क्या इसलिए कि —

बड़े कारोबारी कानून नहीं मानते, कानून बनवाते हैं।

## देश की मांग — फोरेंसिक जांच और गिरफ्तारी

**देश चाहता है:**

- आईटीसी की पूरी फोरेंसिक ऑडिट
- बैंक लेन-देन की डीप ट्रैकिंग
- सब-कॉन्ट्रैक्टर का ग्राउंड वेरिफिकेशन
- प्रोजेक्ट साइट का सच कैमरे पर

## अगर सच्चाई सामने आई —

कंपनी की कुर्की + डायरेक्टर्स की गिरफ्तारी + संपत्ति सीज़ ही एकमात्र न्याय होना चाहिए

## अंतिम सवाल — सत्ता को जलाने वाला

'ESCON Infra ने ITC रिफंड लेकर किसके लिए महल बनाया — देश के लिए या दलालों के लिए?'

'घोटाले के बाद भी व्यापर क्यों चालू है?'

'छापा और जाँच से डर सिर्फ़ गरीब क्यों डरता है?'

**देश जवाब चाहता है।**

**अब चुप्पी नहीं — लड़ाई होगी।**

# ग्रेटर नोएडा में युवती ने की आत्महत्या, प्रेमी गिरफ्तार

## प्रेम जाल में फंसाकर शादी से इनकार करने का आरोप

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में एक युवती की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर युवती को प्रेम जाल में फंसाकर शादी से इनकार करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार, 21 नवंबर को मिग्सन ट्विन्स सोसायटी के टावर सन-5 की 16वीं मंजिल से कूदकर 22 वर्षीय शालू ने आत्महत्या कर ली थी। घटना के समय युवती फोन पर बात कर रही थी और अचानक छलांग लगा दी।

मृतका के परिजनों को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों की तहरीर और युवती के मोबाइल फोन की जांच के बाद मामले का खुलासा हुआ।

जांच में सामने आया कि आरोपी रक्षित मृतका को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उससे विवाह करने से लगातार इनकार कर रहा था। वह उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करता था, जिसके परिणामस्वरूप युवती ने आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठाया।

सूरजपुर थाना पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर वांछित अभियुक्त रक्षित पुत्र ब्रह्मपाल को ग्राम लखनावली की ओर जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

आरोपी रक्षित मूल रूप से शामली का रहने वाला है। मृतका शालू भी शामली की निवासी थी और ग्रेटर नोएडा में एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## भारतीय किसान यूनियन ने दी चेतावनी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के मूंजखेड़ा गांव में रविवार को भारतीय किसान यूनियन (महासभा) का संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने किसानों की समस्याओं पर स्थानीय प्राधिकरणों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। श्रीमती भाटी ने विशेष रूप से जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों को रोजगार न मिलने और 64 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजे के लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा। यह कार्यक्रम ग्रामवासी सुरेंद्र कसाना के आवास पर संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता अत्रण ठेकेदार ने की, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष सादिक खान ने संचालन किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, किसानों और मजदूरों की भारी भीड़ ने संगठन के प्रति अपना समर्थन जताया। संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से कई नई नियुक्तियां भी की गईं।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा सोसाइटी की बालकनी में लगी आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में स्थित गौर सिटी-1 की साया सोसाइटी के एक फ्लैट की बालकनी में रविवार शाम आग लग गई। इस घटना से आसपास के फ्लैटों में हड़कंप मच गया। आग के कारण बालकनी में रखा गत्ते का सामान और वॉशिंग मशीन जल गए। सोसाइटी की मेंटेनेंस टीम ने दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही अपने फायर उपकरणों की मदद से आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। यह घटना टावर-के की 19वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट की बालकनी में शाम करीब चार बजे हुई। सोसाइटी के निवासियों ने धुआं और आग की लपटें देखकर तुरंत मेंटेनेंस टीम और दमकल विभाग को सूचित किया। मेंटेनेंस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोसाइटी के फायर फाइटिंग सिस्टम का उपयोग कर पानी की बौछारों से आग पर नियंत्रण पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रदीप कुमार ने बताया कि दमकल की टीम सूचना मिलते ही मौके पर रवाना हो गई थी, लेकिन सोसाइटी के फायर फाइटिंग सिस्टम द्वारा आग को समय रहते बुझा दिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## ग्रेटर नोएडा में सरकारी चकरोड़ पर अवैध कब्जा

जेवर। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र स्थित फलैदा गांव में सरकारी चकरोड़ पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। हल्का लेखपाल अशोक कुमार की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लेखपाल अशोक कुमार के अनुसार, फलैदा गांव के गाटा संख्या 298 में लगभग 1080 मीटर भूमि राजस्व अभिलेखों में सरकारी चकरोड़ के रूप में दर्ज है। आरोप है कि गांव के महिपाल, सचिन, सोनू और ओमवीर ने इस चकरोड़ पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा है। लेखपाल अशोक कुमार ने बताया कि संबंधित भूमि की कई बार पैमाइश कर निशानदेही की गई थी। इसके बावजूद आरोपी कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं हुए। लगातार चेतावनी और समझाने के बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया, जिसके बाद लेखपाल ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि लेखपाल की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम जल्द ही मौके पर पहुंचकर चकरोड़ को कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई भी करेगी। ग्रामीणों का कहना है कि चकरोड़ पर कब्जे के कारण रास्ते में आवाजाही में परेशानी हो रही थी।

## ट्रैफिक रूल्स के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**जेवर।** ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल पीपलका के एनसीसी छात्रों ने रविवार को बिलासपुर कस्बे में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से सीट बेल्ट, हेलमेट पहनने, ओवरस्पीडिंग से बचने और शराब पीकर गाड़ी न चलाने जैसे यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया। छात्रों ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन केवल चालक की नहीं, बल्कि उसके परिवार और आसपास के लोगों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। प्रस्तुति के दौरान पुलिस अधिकारी टीएसआई भंवर सिंह और ट्रैफिक हवलदार शुभम कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि अधिकतर सड़क हादसे लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा भट्ट ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे नशे में वाहन न चलाएँ, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें और शॉर्टकट लेने से बचें।

## लखनावली में कूड़ा निस्तारण संयंत्र जल्द शुरू होगा

**ग्रेटर नोएडा।** गीले और सूखे कचरे के निस्तारण के लिए लखनावली में 800 टीपीडी क्षमता का संयंत्र जल्द लगाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। संयंत्र लगाने और उसके रखरखाव और पांच साल तक संचालन के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही है। प्राधिकरण ने इससे संबंधित निविदा जारी की है। प्राधिकरण क्षेत्र के अस्तौली में विकसित किए जा रहे अत्याधुनिक कूड़ा निस्तारण केंद्र (सेनेटरी लैंडफिल साइट) में रिलायंस और एनटीपीसी सहित अन्य कंपनियों ने संयंत्र लगाने का काम शुरू कर दिया है। संयंत्र के संचालन में अभी समय लग सकता है। ऐसे में अस्थाई डंपिंग ग्राउंड साइट लखनावली में 800 टीपीडी (टन प्रतिदिन) क्षमता के संयंत्र का निर्माण किए जाने की तैयारी है।इससे गीले और सूखे कचरे का निस्तारण करने में मदद मिलेगी। अधिकारी के मुताबिक अस्तौली में लगाए जा रहे संयंत्र के काम करने से पहले लखनावली साइट पर ही कूड़ा का निस्तारण किया जाएगा। यहां पर पहले से जमा कचरे के कुछ हिस्से का निस्तारण होना अभी बाकी है,साथ ही नया कचरा भी आ रहा है।

## नए नोएडा की मुआवजा दरें बोर्ड बैठक में तय होगी

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के जरिए बसाए जा रहे जेवर क्षेत्र और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जरिए बसाए जाने वाले फेज टू की मुआवजा दरों को नए नोएडा में लागू किया जा सकता है। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण ने मुआवजा दरों से संबंधित प्रस्ताव तैयार किया है। अब इन मुआवजा दर से संबंधित प्रस्ताव को आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बुलंदशहर और दादरी के 80 गांवों की जमीन पर दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इनवेस्टमेंट रीजन (नया नोएडा) बसाया जाना है। किसानों से आपसी समझौते के आधार पर जमीन लेने पर दरें क्या रखी जाएं इसको लेकर कुछ दिन पहले नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण की बैठक हुई थी।सूत्रों की माने तो इस बैठक में अधिकारियों ने यह तय किया है कि नए नोएडा में जमीन की मुआवजा दरें यमुना प्राधिकरण से ज्यादा नहीं रखी जाएं। यह मानक नए नोएडा के साथ ही ग्रेटर नोएडा फेज-2 में भी प्रभावी होगा।

## गलत जानकारी दर्ज होने से भटक रहे बीएलओ

**नोएडा।** गायब मकान में अलग-अलग धर्मों के नौ मतदाता रहते हैं। इन मतदाताओं को तलाशने के लिए रविवार को बीएलओ और उनकी सहयोगी पूरे दिन लगे रहे। गांव-मोहल्ले के लोगों से भी इनके बारे में जानकारी मांगी गई। गहन प्रयास के बाद भी इनका पता नहीं चल पाया। दरअसल, सेक्टर-45 सदरपुर गांव और कॉलोनी के मतदाताओं के एसआईआर के तहत रविवार को सामुदायिक केंद्र और मतदान बूथों में शिविर लगाया गया। यहां पर बीएलओ लोगों को फार्म के वितरण से लेकर फार्म को भरवाने और जमा कराने के कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही बीएलओ और उनके सहयोगी सूची में दर्ज मतदाताओं को फार्म भरने के लिए पता लगा रहे हैं।इसके लिए सदरपुर गांव और उनकी सभी कॉलोनियों में मतदाता सूची में दर्ज मकान नंबर का पता लगाने का काफी प्रयास किया गया। इस एक ही मकान नंबर पर अलग-अलग धर्मों और जातियों के नौ मतदाताओं का नाम दर्ज है। शाम तक प्रयास करने के बाद भी इन लोगों का नाम और पता नहीं मिला। इसके बाद बीएलओ और उनकी सहयोगियों ने पूरे प्रकरण की सूचना उच्चाधिकारियों को दी।

## कार से स्टंट पर 53 हजार का चालान

**नोएडा।** सेक्टर-51 होशियारपुर के सामने चलती एक स्कार्पियो कार से बाहर लटके हुए युवक को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। कार भी तेज रफ्तार से चल रही है। इसको लेकर मिली शिकायत के आधार पर यातायात पुलिस ने कार का 53500 रुपये का चालान किया है। एक्स पर एक यूजर ने यातायात पुलिस से शिकायत की है। शिकायत में युवक ने कहा कि 22 नवंबर की सुबह करीब साढ़े चार बजे वह एयरपोर्ट जा रहे थे। इसी दौरान सेक्टर-51 के सामने एक युवक कार से स्टंट करता हुआ नजर आया। युवक चालक की सीट से बाहर निकल खिड़की पर खड़ा होकर कार चला रहा था।कार में हूटर भी लगा हुआ था। वह किसी को मार सकता है। एक्स पर शिकायत मिलने पर यातायात पुलिस ने कार का 53500 रुपये का चालान किया है। डीसीपी यातायात डॉ प्रवीन रंजन ने बताया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## नोएडा में पेट्रोल-डीजल डिलीवरी वाहन बंद

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में डिलीवरी सेवाओं के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आदेश जारी किया है कि 1 जनवरी 2026 से कोई भी ई-कॉमर्स या ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी पेट्रोल या डीजल से चलने वाले वाहनों का उपयोग नहीं कर सकेगी। इसके बाद सभी डिलीवरी वाहन केवल सीएनजी या इलेक्ट्रिक होंगे। इस निर्णय के अंतर्गत, डिलीवरी बाइक, स्कूटर, ऑटो और हल्के चारपहिया वाहन सहित सभी वाहनों को सीएनजी या इलेक्ट्रिक में परिवर्तित करना अनिवार्य होगा। इस कदम का सीधा असर स्विगी, जोमैटो, अमेज़न, फ्लिपकार्ट और ब्लिंकिट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों और उनके डिलीवरी पार्टनर्स पर पड़ेगा। इसी आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आज नोएडा के सेक्टर-32 स्थित एआरटीओ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एआरटीओ (प्रशासन) नंद कुमार ने की, जिसमें एआरटीओ विनय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। इस बैठक में ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं से जुड़े विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2026 से केवल सीएनजी या इलेक्ट्रिक वाहन ही डिलीवरी सेवाओं में मान्य होंगे। इसलिए, कंपनियों और डिलीवरी पार्टनर्स को अभी से ही आवश्यक तैयारियां शुरू कर देनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# नोएडा की महिला टीचर ने नौकरी से इस्तीफा दिया

## बोलीं- 215 फॉर्म फीड कर दिए, अब बीएलओ का काम नहीं हो पाएगा; पढ़ा भी नहीं पाऊंगी

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में सरकारी स्कूल की टीचर/बीएलओ ने काम के दबाव में नौकरी से इस्तीफा दे दिया।

टीचर पिंकी ने इस्तीफे में लिखा- मैंने एसआईआर के 215 फॉर्म फीड कर दिए हैं, अब मुझसे ये काम नहीं होगा। न शिक्षण काम हो पाएगा, न बीएलओ काम।

मामला नोएडा सेक्टर 34 स्थित गेझा के उच्च प्राथमिक स्कूल का है। महिला टीचर ने इससे पहले भी ड्यूटी न लगाने के लिए अपील की थी, लेकिन उसकी बात नहीं मानी गई थी। अब टीचर ने बीएलओ के ग्रुप पर निर्वाचन अधिकारी के नाम इस्तीफा लिखकर भेज दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने कहा- इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। न ही किसी टीचर ने मुझे इस्तीफा भेजा है।

### इस्तीफे में क्या लिखा, हूबहू पढ़िए

टीचर ने अपने इस्तीफा में लिखा- मेरा बीएलओ का पार्ट नंबर 206 है। मतदाता स्थल रॉकवुट स्कूल है। मेरे भाग संख्या में 1179 मतदाता हैं। ऑनलाइन मैंने 215 फीड कर दिए हैं। मैं अब अपने जॉब से रिजाइन दे रही हूं, क्योंकि अब मेरे से यह काम नहीं होगा।

### टीचर बने बीएलओ, वोटर लिस्ट अपडेट कराने में ड्यूटी

इन दिनों यूपी में स्पेशल इंटेसिव रिवीजन तैयार की जा रही है। सरल शब्दों में कहें तो मतदाता सूची को अपडेट किया जा रहा है। वोटर लिस्ट को अपडेट करने के लिए सरकारी स्कूलों के टीचरों को बीएलओ बनाकर घर-घर जाकर यह काम करना पड़ रहा है। आरोप है कि इसके चलते टीचरों पर काम का दवाब बहुत बढ़ गया है। कई जगहों से मौत होने की भी खबरें आई हैं।

न शिक्षण कार्य हो पाएगा, न ही बीएलओ का कार्य। कृपया आप मुझे निर्देशित करें कि मैं अपना निर्वाचन सामान किसे दूं। आपकी अति कृपा होगी।

महिला टीचर का नाम पिंकी सिंह है। वह सेक्टर 34 स्थित गेझा के उच्च प्राथमिक स्कूल में सहायक टीचर हैं। वह थायराइड की समस्या से जूझ रही हैं। स्कूल प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने बताया कि टीचर ने ड्यूटी लगने के बाद ड्यूटी न लगाने की अपील की थी, लेकिन सुनवाई नहीं की गई। उन्हें सेक्टर-33 रॉकवुड स्कूल में मतदान केंद्र की बीएलओ की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# निर्माणाधीन इमारतों को निशाना बनाने वाला 'हाई-टेक' गैंग गिरफ्तार

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना फेस-2 पुलिस को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब पुलिस ने रात के अंधेरे में रेकी कर निर्माणाधीन इमारतों से कीमती सामान चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 4 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी किया हुआ समान बरामद हुआ है।



बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खड़े गुलशनोवर, सोनू खान, सचिन ठाकुर और विशाल चौधरी उर्फ विशू को मुखबिर की सूचना और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर थाना फेस-2 पुलिस ने NSEZ मेट्रो स्टेशन के पास सर्विस रोड से इन चार शातिर चोरों को धर दबोचा। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि यह गैंग पहले बंद पड़ी निर्माणाधीन इमारतों की रेकी करता था। मौका मिलते ही रात में ये वहां से टाइल्स जैसी कीमती सामग्री चोरी कर अपनी वैगनआर कार में लादकर फरार हो जाते थे।

पुलिस पूछताछ में आरोपियो ने बताया कि पुलिस की पकड़ से बचने के लिए ये शातिर अपराधी मोबाइल नेटवर्क की जगह सिर्फ व्हाट्सऐप कॉल का इस्तेमाल करते थे और लगातार अपना ठिकाना बदलते रहते थे। चोरी का माल ये किसी एक फिक्स ग्राहक को नहीं, बल्कि जहां ज्यादा दाम मिलता था, वहां बेच देते थे। पुलिस ने इनके पास से चोरी किए गए 48 बॉक्स पीवीसी जिप्सम सीलिंग टाइल्स बरामद किए हैं। साथ ही, घटना में इस्तेमाल की गई वैगनआर कार और दो अवैध चाकू भी ज़ब्त किए गए हैं। फिलहाल पुलिस ने चारों अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

## उपभोक्ताओं को घर न देने पर 12 बिल्डरों पर एक्शन

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 141वीं बोर्ड बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। शनिवार शाम हुई इस बैठक में उन बिल्डरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का फैसला लिया गया, जिन्होंने खरीदारों को उनके घर नहीं सौंपे हैं। ऐसे एक दर्जन बिल्डरों से अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों से प्राप्त रियायतें वापस ली जाएंगी। नोएडा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक कुमार और अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार की मौजूदगी में हुई इस बैठक में अध्यक्ष दीपक कुमार ने स्पष्ट किया कि जिन बिल्डरों ने अब तक न तो बायर्स के नाम रजिस्ट्री शुरू की है और न ही प्राधिकरण का बकाया जमा किया है, उन्हें अब और समय देना उचित नहीं है। उन्होंने ऐसे बिल्डरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। इन एक दर्जन बिल्डरों में एवीजे डेवलपर्स (सेक्टर बीटा टू), एमएसएक्स रियलटेक (सेक्टर अल्फा वन), ज्योतिर्मय इंफ्राकॉन (सेक्टर-16सी), अंतरिक्ष इंजीनियरिंग (सेक्टर-1) और एलिगेंट इंफ्राकॉन जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। बोर्ड ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि बिल्डरों पर कार्रवाई करते समय खरीदारों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाए। गौरतलब है कि अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के आधार पर रियल एस्टेट के लिगेसी प्रोजेक्ट्स की अड़चनों को हल करने के लिए एक नीति पैकेज लाया गया था।

# सोसाइटी के फ्लैट से 21 पेटी बीयर बरामद

### 3 आरोपी गिरफ्तार, बिसरख पुलिस और आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में बिसरख पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक सोसाइटी के फ्लैट से भारी मात्रा में अवैध बीयर बरामद की है। रविवार को हुई इस छापेमारी में 21 पेटी बीयर जब्त की गई और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

यह कार्रवाई आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी के टावर डी-2 स्थित फ्लैट नंबर 1704 में की गई। पुलिस को सोसाइटी की सिक्योरिटी टीम से सूचना मिली थी कि इस फ्लैट में अवैध शराब रखी हुई है। सूचना के आधार पर टीम मौके पर पहुंची और विशेष मलिक, विनायक तथा मो. असरार अली नामक तीन आरोपियों को धर दबोचा।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से कुल 21 पेटी बीयर और एक महिंद्रा पिक-अप गाड़ी बरामद की गई है। विशेष मलिक इस फ्लैट में किराए पर रहता था।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे इवेंट का काम करते हैं। शादी-पार्टियों में इस्तेमाल होने के बाद बची हुई बीयर को वे दिल्ली से पिक-अप वाहन में लादकर ग्रेटर नोएडा स्थित अपने घर ले आते थे। बाद में इस बीयर को जान-पहचान वाले लोगों को सस्ते दामों पर बेचकर मुनाफा कमाते थे। फिलहाल, तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस और आबकारी विभाग मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।

## ग्रेटर नोएडा में इंटर के छात्र की कार पर हमला

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के कासना इलाके में इंटर में पढ़ने वाले छात्र की कार पर दूसरे गुट के छात्रों ने हमला कर दिया। उन्होंने कार में तोड़फोड़ की। घटना की सूचना मिलते ही किसान नेता कासना थाने पहुंचे। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया उसके बाद वे वापस लौट गए। घटना शनिवार शाम की है। कैमराला गांव निवासी किसान नेता बलराज भाटी का पोता प्रियांशु भाटी, 12वीं का छात्र है। वह सेक्टर ओमिक्रोन वन स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करता है। शुक्रवार को प्रियांशु का कोचिंग में साथ पढ़ने वाले छात्र दक्ष से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसी के चलते शनिवार देर शाम दक्ष ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रियांशु की कार पर हमला कर दिया। आरोपियों ने कार पर फायरिंग की और पथराव भी किया, जिससे कार के शीशे टूट गए।

# एसआईआर अभियान को गंभीरता से न लेने पर प्रशासन की बड़ी कार्यवाही, 67 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में एसआईआर अभियान में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर ज़िला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। डीएम के सख्त आदेशों के वाबजूद , अभियान को गंभीरता से न लेने वाले 60 बीएलओ और 7 सुपरवाइजरों के ख़िलाफ़ प्राथमिकी एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत की गई है।




बता दे कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम के नेतृत्व में जिले में 04 नवंबर 2025 से 04 दिसंबर 2025 तक विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक नामावलियों का स्पेशल इंटेसिव रिवीजन का अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिन पहले हुई बैठक में मेधा रूपम ने कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन ने पाया कि कई बीएलओ और सुपरवाइजरों ने इस महत्वपूर्ण अभियान को नज़रअंदाज़ किया, जिसका सीधा असर मतदाता सूची को अपडेट करने के काम पर पड़ रहा था। डीएम ने कठोर फैसला लेते हुए 67 बीएलओ और सुपरवाइजरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

### यह कार्रवाई तीनों विधानसभा क्षेत्रों में की गई है

- दादरी विधानसभा क्षेत्र : यहाँ सबसे अधिक 32 बीएलओ और 1 सुपरवाइजर पर थाना ईकोटेक-1 में स्नद्धक्रदर्ज की गई है।
- नोएडा विधानसभा क्षेत्र : यहाँ 11 बीएलओ और 6 सुपरवाइजरों के ख़िलाफ़ थाना दादरी में मामला दर्ज हुआ है।
- जेवर विधानसभा क्षेत्र : यहाँ 17 बीएलओ पर थाना जेवर में स्नद्धक्रदर्ज की गई है।

यह कार्रवाई ज़िले में चुनावी प्रक्रिया से जुड़े कार्यों में गंभीरता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि चुनावी ड्यूटी में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गजरौला में अवैध मिट्टी खनन चरम पर, प्रशासन मौन हाईवे पर खतरा बढ़ा




**गजरौला।** जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार पिछले कई दिनों से तेजी से बढ़ रहा है। हाईवे पर रोजाना ओवरलोड मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी लाइन दिखाई देती है। बिना रॉयल्टी और बिना परमिट के चलने वाली ये ट्रॉलियाँ दिन-रात बेखौफ होकर गुजर रही हैं। इनके कारण न केवल सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि हाईवे पर दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले पंद्रह दिनों से अवैध खनन बिना किसी रोक-टोक जारी है। पहले ट्रॉलियाँ रात में निकलती थीं, लेकिन अब दिन के उजाले में भी इन्हें किसी कार्रवाई का भय नहीं दिखाई देता।

हाईवे पर उड़ने वाली धूल की वजह से राहगीरों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। कई बार ट्रॉलियों की भीड़ से सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। क्षेत्र के ग्राम प्रधान रामसनी वर्मा ने बताया कि कुछ समय पहले ग्रामीणों ने गांव के अंदर से ट्रॉलियों के आने-जाने पर रोक लगाई थी, क्योंकि धूल-मिट्टी से ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया था। इसके बावजूद खनन माफिया फिर सक्रिय हो गए हैं और खुलेआम ट्रॉली संचालन शुरू कर दिया है, जिससे ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने लगा है।मामले में अधिकारियों के बयान भी कई सवाल खड़े करते हैं। गजरौला के लेखपाल संतोष मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में किसी भी ट्रॉली को मिट्टी खनन की अनुमति नहीं दी गई है। वहीं पिपरिया भजा के लेखपाल तेज बहादुर का कहना है कि उन्हें परमिशन की जानकारी नहीं है और वे जांच करके बताएंगे। अधिकारियों के ऐसे विरोधाभासी बयान प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करते हैं। लगातार हो रही खुदाई से कई खेतों और खाली पड़ी जमीन को नुकसान पहुंच रहा है। कई जगह खेतों में गहरे गड्ढे बन गए हैं और भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है।राजस्व विभाग के कानूनगो का कहना है कि मामले की जांच चल रही है, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई का न होना ग्रामीणों में नाराजगी का कारण बना हुआ है। अवैध खनन से क्षेत्र में असुरक्षा और अशांति फैल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है, तभी वे इतनी निर्भीकता से काम कर रहे हैं।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध मिट्टी खनन और ओवरलोड ट्रॉलियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही इस अवैध कारोबार में शामिल माफियाओं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में फैल रहे इस अवैध व्यापार को रोका जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

## मूंगफली के बोरों के नीचे दबने से महिला की मौत

**झांसी।** बोरों के नीचे दबने से एक महिला की मौत हो गई। वो आढ़ती की दुकान पर सफाई कर रही थी। तभी अचानक मूंगफली के बोरों की छल्ली भर भराकर गिर गई। 4 बोरे महिला के ऊपर गिरे, इससे उसकी गर्दन की हड्डी टूट गई। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के दौरान महिला की रविवार को मौत हो गई। घटना 17 नवंबर की है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के भोजला मंडी का है। मृतका का नाम कुसुमा (65) पत्नी राधे कुशवाहा था। वह कोतवाली के पंचवटी कॉलोनी की रहने वाली थी। मृतक के बेटे सुरेंद्र ने बताया कि मां कुसुमा भोजला मंडी में आढ़ती की दुकान पर साफ सफाई करती थी। रोजाना की तरह 17 नवंबर को उनको दुकान पर छोड़कर आया था। सफाई के दौरान मूंगफली से भरे बोरों की छल्ली गिर गई। 4 से 5 बोरे मां के ऊपर गिरे। इससे वो घायल हो गई। साथ काम करने वाली एक महिला ने मां को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आरोप है कि आढ़ती न तो देखने आया और न ही इलाज में मदद की। कुसुमा के पति की 20 साल पहले मौत हो चुकी है।

# पूर्व प्रधान और पत्नी की जमीनी विवाद में हत्या

**श्रावस्ती में घर में पति, बाहर महिला की लाश पड़ी थी; नाक-आंख से खून बह रहा था**

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती के एक गांव में पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की घर में हत्या कर दी गई। मोहम्मद रोशन (80) का शव घर के अंदर फर्श पर पड़ा मिला। उनकी नाक से खून बह रहा था। वहीं, पत्नी वसीला (60) का शव घर से बाहर करीब 50 कदम की दूरी पर झाड़ियों में मिला। उनकी आंखों पर चोट के निशान थे। उससे भी खून बह रहा था।

दूसरी शादी की वजह से रोशन पत्नी के साथ पिछले कई साल से अकेले रह रहे थे। पहली पत्नी के दोनों बेटे गुड्डू और पुल्लु घर से महज 100 मीटर की दूरी पर रहते थे। बड़ा बेटा सुबह नमाज के लिए जा रहा था तो घर के बाहर मां का लहूलुहान शव देखा। घर के अंदर गया तो पिता भी मृत पड़े मिले।

सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाए। बेटे ने बताया- गांव के कुछ लोगों से सालों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। परिजनों ने दोनों की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक, हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है। घटना जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर इकौना थाना क्षेत्र के खावा पोखर गांव की है।

### अब पूरा मामला विस्तार से पढ़िए

इकौना थाना क्षेत्र के खावा पोखर गांव के पूर्व प्रधान मोहम्मद रोशन (80) पुत्र नूर मोहम्मद अपनी पत्नी वसीला (60) के साथ पुश्तैनी मकान में अकेले रहते थे। दोनों बेटे गुड्डु और पुल्लू अपनी पत्नी-बच्चों के साथ घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर अलग रहते थे।

बड़े बेटे गुड्डू ने बताया- सुबह 5 बजे मैं नमाज अदा करने के लिए जा रहा था। तभी माता-पिता के शव देखे। मैं चीख पड़ा।

आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग जमा हो गए। सूचना पर इकौना थाना प्रभारी अखिलेश पांडेय फोर्स के साथ पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को बुलाया। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

# गोंडा में पुलिस मुठभेड़, 5 लुटेरे गिरफ्तार, 2 घायल

**गोंडा।** गोंडा जिले में छपिया थाने की पुलिस और एसओजी टीम के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लुटेरे गिरफ्तार किए गए हैं। इस दौरान दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट के 3 लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप, दो अवैध तमंचे और बस्ती से लूटी गई एक मोटरसाइकिल व एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद की है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान किस्मत अली उर्फ बाबा, विकास शर्मा, पवन वर्मा, अलीमुद्दीन और लवकुश यादव के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान किस्मत अली और विकास शर्मा के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। यह मुठभेड़ छपिया थाना क्षेत्र में 15 नवंबर को हुई लूट की घटना से संबंधित है। केशव नगर ग्रांट गांव के रामकुमार वर्मा वीरपुर भरपूरवा के पास एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। आरोपियों ने तालागंज ग्रांट इटई मार्ग पर उनसे 5 लाख रुपये और एक लैपटॉप लूट लिया था। विरोध करने पर रामकुमार वर्मा पर तमंचे से हमला भी किया गया था। इस घटना के खुलासे के लिए गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने छपिया थाने की पुलिस के साथ-साथ एसओजी और सर्विलांस समेत पांच पुलिस टीमों का गठन किया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छपिया थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का खुलासा कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, गोंडा में घटना को अंजाम देने से पहले इन आरोपियों ने बस्ती के परशुरामपुर से एक अपाचे मोटरसाइकिल लूटी थी।

# जिला गन्ना अधिकारी ने किया किसनी क्रय केंद्र का निरीक्षण

**तौल में पारदर्शिता पर जोर, किसानों को मोबाइल पर पर्ची चेक करने की सलाह**



**बीसलपुर।** गन्ना विकास समिति बीसलपुर के गन्ना क्रय केंद्र किसनी का निरीक्षण जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित गन्ना किसानों से संवाद किया।निरीक्षण के समय किसान वीरेश कुमार, ग्राम सिसय्या, अपनी गन्ने से भरी ट्रॉली का तौल कराने पहुंचे थे। इलेक्ट्रॉनिक वेब्रिज पर वजन 39.60 कुंतल दर्ज हुआ। मानक बाट (5 कुंतल) रखने पर वजन 44.60 कुंतल मिला। जांच में वेब्रिज सही पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि क्रय केंद्र 14 नवंबर 2025 से संचालित है और अब तक 2907.87 कुंतल गन्ने की खरीद हो चुकी है।

क्रय केंद्र पर पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध है तथा चीनी मिल और विभागीय अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए गए हैं। किसानों को यह जानकारी भी दी गई कि वे अपने कांटे की जांच स्वयं कर सकते हैं। केंद्र पर 10 कुंतल के मानक बाट उपलब्ध हैं।

अधिकारियों ने सभी तौल लिपिकों को निर्देशित किया कि तौल कार्य शुरू करने से पहले किसानों की उपस्थिति में कांटे की जांच अवश्य करें और इसे रजिस्टर में अंकित करें। कांटा जांच के बाद ही तौल प्रक्रिया शुरू की जाए।

निरीक्षण के दौरान किसानों को बताया गया कि अब गन्ना पर्चियां सीधे उनके मोबाइल पर भेजी जा रही हैं। पर्ची के लिए किसानों को कहीं भटकने की आवश्यकता नहीं है। पर्ची प्राप्त होने के बाद ही किसान कटाई करें। साथ ही मोबाइल इनबॉक्स समय-समय पर खाली रखने की सलाह दी गई, ताकि पर्ची समय पर प्राप्त हो सके।

यह भी बताया गया कि यदि मोबाइल में डीएनडी सेवा सक्रिय होगी तो पर्चियां नहीं मिलेंगी। किसी किसान का मोबाइल नंबर बदलने पर वह तुरंत समिति सचिव को सूचना दे, ताकि पर्चियां सुगमता से प्राप्त होती रहें। किसान ई-गन्ना ऐप से भी पर्ची व तौल संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।क्रय केंद्र पर किसी भी असुविधा की स्थिति में किसान चीनी मिल एवं विभागीय अधिकारियों के सीयूजी नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव गन्ना समिति बीसलपुर राजेश कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज साहू सहित गन्ना कृषक राजाराम, मनोज, प्रवीण, रोशन लाल, गजेन्द्र पाल, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने ध्वजारोहण किया

**उत्तर प्रदेश पुलिस ध्वज-कर्तव्य, प्रतिष्ठा और परम्परा का गौरवपूर्ण प्रतीक है जो शौर्य सेवा व सुरक्षा का ध्रुवतारा है**



**ललितपुर।** पुलिस झंडा दिवस, रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में गरिमा एवं सम्मान के साथ मनाया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर पुलिस ध्वजारोहण किया और पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी ।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस ध्वज के ऐतिहासिक महत्व, उसकी गरिमा और राष्ट्रीय सुरक्षा में पुलिस बल की भूमिका, तथा कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं सेवा-भाव की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया । इसके उपरांत पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस बल के लिए प्रेषित संदेश को उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों के समक्ष अक्षरशः पढ़कर सुनाया गया ।

संदेश में पुलिस ध्वज दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मचारियों को अपनी कर्मठता, सत्यनिष्ठा, जनसेवा व कर्तव्यपरायणता को सर्वोपरि रखते हुए पुलिस ध्वज की मर्यादा को सदैव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद के राजपत्रित पुलिस अधिकारी और पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी को कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, समर्पण और साहस के साथ करने की प्रेरणा दी। जनपद के सभी थानों पर ध्वजारोहण पुलिस झंडा दिवस को जनपद में व्यापक रूप से मनाने हेतु जनपद ललितपुर के सभी थानों, पुलिस चौकियों एवं विभिन्न इकाइयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

सभी अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. का संदेश पढ़कर सुनाया गया तथा उन्हें पुलिस ध्वज की गरिमा को बनाए रखने, जनता के प्रति संवेदनशीलता तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** सौजना पुलिस नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 182/2025 धारा 87/137(2)/64 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त एक इन्द्रपाल पुत्र परमानन्द लोधी उम्र 37 वर्ष नि0ग्राम नैगुवां थाना बानपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है । गिरफ्तारी करने वाली टीम थानाध्यक्ष उ.नि. अजयपाल सिंह उ.नि. मुलायम सिंह हे.का. बृजबिहारी सेंगर हे. का. राजेश कुमार आदि शामिल रहे।

# मुरादाबाद में पराली जलाने पर 7 किसानों पर कार्रवाई

**35,000 रुपए का जुर्माना, गन्ना कृषकों का सट्टा भी होगा लॉक**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले में पराली और गन्ने की पत्तियां जलाने की घटनाओं पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 7 किसानों पर पराली/फसल अवशेष जलाने के आरोप में 35,000 का अर्थदंड लगाया गया है।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी मुरादाबाद के निर्देश पर गठित संयुक्त निगरानी टीम द्वारा की जा रही है, जिसमें राजस्व, कृषि और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल हैं।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि पराली जलाने की प्रत्येक घटना की जानकारी प्रतिदिन सैटेलाइट के माध्यम से प्राप्त होती है। सैटेलाइट डेटा में घटना स्थल का अक्षांश, देशांतर और सटीक लोकेशन दर्ज होती है। इसी आधार पर कृषि और राजस्व विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करती हैं और रिपोर्ट प्रस्तुत करती हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर किसानों पर निर्धारित जुर्माना लगाया जाता है।

जुर्माने के प्रावधानों के तहत, 2 एकड़ तक पराली जलाने पर 5,000, 2 से 5 एकड़ तक 10,000 और 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में पराली जलाने पर 30,000 का अर्थदंड लगाया जाता है। इसके अतिरिक्त, दोषी किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं से वंचित किया जा सकता है। विशेष रूप से, गन्ना किसानों का सट्टा (पर्चा) भी लॉक कर दिया जाएगा, जिससे उनकी गन्ना आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। उप कृषि निदेशक ने पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

## तौकीर रजा के करीबी की बिल्डिंग जमीदोंज

बरेली। बरेली हिंसा के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबी मोहम्मद आरिफ की बिल्डिंग बुलडोजर से गिरा दी गई। रविवार को आरिफ के पीलीभीत रोड पर 3 मंजिला बिल्डिंग को ढहाया गया। इसमें कई दुकानें थीं। ग्राउंड फ्लोर पर सैलून था, जबकि बाकी मंजिलों पर पीटर इंग्लैंड का आउटलेट था। बिल्डिंग को कुछ दिन पहले ही सील कर दिया गया था। पीलीभीत रोड पर फ्लोरा गार्डन के पड़ोस में बनी यह बिल्डिंग 2000 स्क्वायर फीट में बनी थी। इसकी कीमत करीब 5 करोड़ बताई जा रही थी। बिल्डिंग गिराने के दौरान फ्लोरा गार्डन को भी सील कर दिया गया था। इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। आसपास बैरिकेडिंग कर पुलिस और पीएसी तैनात की गई थी। नगर निगम से इमारतों का नक्शा का पास नहीं कराए जाने को लेकर यह कार्रवाई की गई। इससे पहले शनिवार को बुलडोजर से जगतपुर की दो मंजिला इमारत को ध्वस्त किया गया था।

# मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें ।

सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें । अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें ।

महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

# शार्ट न्यूज

## युवक पर आधा दर्जन दबंगों का हमला, जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**फायरिंग में छर्रे लगने से युवक घायल**

**बीसलपुर।** जूनियर स्कूल के पास खड़े युवक पर आधा दर्जन दबंगों ने जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। घटना के दौरान आरोपियों ने फायरिंग भी की, जिसमें छर्रे लगने से युवक घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए।बड़ागांव निवासी रमेश कुमार ने तहरीर में बताया कि कृष्ण पाल, कल्लू, भगवान शंकर सहित तीन अज्ञात आरोपी तमंचों के साथ पहुंचे और मारपीट करने लगे। फायर करने पर छर्रे उसके हाथ में लगे। सूचना पर पीआरवी-112 मौके पर पहुंची। पुलिस ने छह आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दिगंबर सिंह ने बताया कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम ने किया धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर फटकार

**बीसलपुर।** मंडी समिति परिसर में संचालित 33 धान क्रय केंद्रों पर अब तक लगभग 85,593 कुंतल धान की खरीद हो चुकी है। लेकिन उठान न होने के कारण मंडी के टीन शेड धान की भरी बोरियों से पटी पड़ी हैं। इससे खरीद लगभग रुक गई है और किसानों की ट्रालियां बिलसंडा मार्ग तक कतार में लगी हुई हैं।ग्रामीणों ने यूपीएसएस और पीसीयू केंद्रों पर अनियमितताओं की शिकायत अपर जिलाधिकारी प्रसून द्विवेदी से की। उन्होंने मंडी पहुंचकर सभी केंद्रों का निरीक्षण किया और अव्यवस्थाओं पर केंद्र प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई। किसानों का कहना है कि दीपावली से तौल बंद है, जबकि लेखपालों द्वारा टोकन जारी किए जा चुके हैं। किसान धान बेचने के लिए मजबूर हैं लेकिन जगह न होने से केंद्र जिम्मेदार तौल नहीं कर रहे। मंडी एमओ जय सिंह ने बताया कि जल्द ही उठान शुरू कराया जाएगा और किसानों का धान खरीदा जाएगा।

## एसआईआर में फॉर्म समझने में जनता को दिक्कतें

**पूरनपुर।** मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए शुरू किए गए मतदाता प्रगाढ़ अभियान (एसआईआर) के तहत क्षेत्र में बीएलओ द्वारा घर-घर फॉर्म वितरित किए गए, लेकिन अधिकांश लोगों को फॉर्म के कॉलम समझ में नहीं आ रहे हैं। इससे लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में एसआईआर के तहत मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के लिए घरों में बिना भरे फॉर्म बांटे गए। लोगों का कहना है कि फॉर्म के कॉलम और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, जिसके चलते वे जानकार लोगों के पास जाकर फॉर्म भरवा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि फॉर्म जमा कराने के लिए बीएलओ समय पर नहीं पहुंच रहे, जिससे अतिरिक्त परेशानियां बढ़ रही हैं। हालांकि अब बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म भरवा रहे हैं।लोगों ने प्रशासन से इस परेशानी को दूर करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने और फॉर्म भरने की प्रक्रिया सरल करने की मांग की है।

## ललितपुर में काली फिल्म पर पुलिस का शिकंजा, जिले में 109 चालान, 2 वाहन सीज़

**ललितपुर।** पुलिस ने काली फिल्म लगे वाहनों पर कार्रवाई की। यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में 106 चालान हुए और 2 वाहन सीज़ किए गए। पुलिस ने चौराहों और बाजारों में चेकिंग की, सुरक्षा कारणों से काली फिल्म का उपयोग प्रतिबंधित बताया गया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा विशेष चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है । इस अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों/ तिराहों पर यातायात पुलिस द्वारा नियम विरूद्ध वाहन जैसे काली फिल्म, हूटर, बत्ती लगाना, गलत नम्बर प्लेट, वाहन पर शासकीय तथा जाति सूचक शब्द व स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। इस अभियान के दौरान की गयी कार्यवाही का विवरण निम्नवत है।कुल 109 वाहनो का नियमानुसार चालान किया गया है । इसके अतिरिक्त कुल 02 वाहनों को सीज किया गया ।

## हाथरस में 25 लाउडस्पीकर हटाए गए

**हाथरस।** हाथरस में रविवार शाम धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान मानक से अधिक ध्वनि वाले 25 लाउडस्पीकर हटाए गए, जबकि अनुमति प्राप्त 6 लाउडस्पीकरों की ध्वनि निर्धारित सीमा में कराई गई। अभियान के तहत, सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों ने पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में धर्मगुरुओं से बातचीत की। उन्हें उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों और ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के बारे में जानकारी दी गई। धर्मगुरुओं को ध्वनि की अधिकतम निर्धारित सीमा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उनसे कहा गया कि लाउडस्पीकर से निकलने वाली ध्वनि धर्मस्थल के परिसर तक ही सीमित रहनी चाहिए। शासन के इन आदेशों का धर्मगुरुओं ने स्वागत किया। उन्होंने स्वयं अपने धार्मिक स्थलों से अवैध या अधिक संख्या में लगे लाउडस्पीकरों को हटाया। सभी धर्मगुरुओं ने आश्वासन दिया कि ध्वनि की मात्रा मानक के अनुरूप ही रखी जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**बांदा।** बांदा जिले के अतर्रा कस्बे में रविवार देर शाम एक हादसा हो गया। सुलक थोक निवासी 70 वर्षीय रामचरण विश्वकर्मा की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। रामचरण विश्वकर्मा पेशे से लकड़ी मिस्त्री थे। वह गुठिल्ला पुरवा निवासी राजू यादव के पुत्र की शादी के लिए मंडप बनाने का काम कर रहे थे। रविवार शाम करीब सात बजे राजू यादव के परिजन उन्हें बाइक पर मंडप के सामान के साथ कार्यक्रम स्थल ले जा रहे थे। बिसंडा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस के गुजरने के कारण बंद थी, जिस पर बाइक चालक रुक गया। इसी दौरान रामचरण ने बाइक चालक से कहा कि क्रॉसिंग खुलने पर आ जाना, मैं पैदल ही ट्रैक पार कर लेता हूं। उन्होंने पैदल ही क्रॉसिंग पार करना शुरू किया, तभी तेज रफ्तार अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस आ गई। रामचरण ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ऋषिदेव सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बुजुर्ग की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।

## सहारनपुर में महिला का फंदे से लटका शव मिला

**सहारनपुर।** सहारनपुर के नवादा रोड स्थित अभिषेक नगर में रविवार देर शाम एक 26 वर्षीय महिला का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की पहचान अभिषेक नगर निवासी आशा देवी (26) पत्नी अनुज कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा किया। मृतका के पिता धर्म सिंह ने बताया कि आशा लंबे समय से परेशान थी। उन्होंने आशा को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। संदेह होने पर परिजन उसके घर पहुंचे तो मुख्य गेट बंद था और अंदर कोई मौजूद नहीं था। इसके बाद परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गेट खुलवाया, जहां अंदर कमरे में आशा का शव फंदे से लटका मिला। धर्म सिंह ने ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ससुराल वाले पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। पिता ने मृतका के पति अनुज कुमार पर अपनी भाभी से अवैध संबंध होने का भी आरोप लगाया। परिजनों के अनुसार, आशा इस रिश्ते को लेकर तनाव में रहती थी और ससुराल में उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 24 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति की घर में ही सजा काटने की मांग

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो ने स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए जेल की सजा घर में नजरबंदी (हाउस अरेस्ट) के रूप में काटने की मांग की है। उनकी कानूनी टीम ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में याचिका दायर की। बोल्सोनारो को सितंबर 2024 में 2022 के चुनाव में हार के बाद तख्तापलट की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था और 27 साल 3 महीने की सजा सुनाई गई थी इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अपील खारिज कर दी थी, लेकिन वकील एक और अपील दाखिल करने की तैयारी में हैं। फिलहाल बोल्सोनारो अगस्त से नजरबंद हैं, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि उन्होंने अदालत द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन किया था। अभी तक उन्हें तख्तापलट मामले की सजा भुगतनी शुरू नहीं करनी की गई है।

### बांग्लादेश में भूकंप से 10 लोगों की मौत

**ढाका, एजेंसी।** शुक्रवार को ढाका और देश के कुछ हिस्सों में जबरदस्त भूकंप में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक घायल हो गए। इस भूकंप से इमारतों को नुकसान पहुंचा, कई जगहों पर आग लग गई और लोगों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ितों में से चार की मौत राजधानी ढाका में, पांच की मौत नरसिंगदी में हुई, जो भूकंप का सेंटर था, और एक की मौत सबअर्बन नदी बंदरगाह शहर नारायणगंज में हुई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अकेले राजधानी गाजीपुर के बाहरी इलाके में बसे इंडस्ट्रियल शहर में अलग-अलग यूनिट्स में कम से कम 100 मजदूर घायल हो गए, क्योंकि वे भूकंप के दौरान इमारतों से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे।

### रेडक्रॉस कमेटी में 2900 नौकरियां समाप्त होंगी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस कमेटी ने कहा, वह अपना 2026 का बजट 17% घटाकर 1.8 अरब स्विस फ्रैंक (करीब 2.23 अरब डॉलर) करने जा रही है। इससे करीब 2,900 नौकरियां खत्म होंगी। कमेटी ने कहा, उसे अपना बजट इसलिए घटाना पड़ रहा है क्योंकि उसे मिलने वाली वित्तीय मदद में अप्रत्याशित कमी आ रही है। कमेटी ने कहा, दानकर्ता देश अपना सारा ध्यान रक्षा खर्च बढ़ाने में लगा रहे हैं। ऐसे में मानवतावादी संस्थाओं को तमाम संघर्षों और विस्थापन से प्रभावित लोगों की मदद से पीछे हटने का फैसला लेना पड़ रहा है।

### कलाकार फ्रिदा कहलो की पेंटिंग 485 करोड़ में बिकी

**मेक्सिको, एजेंसी।** मेक्सिको की कलाकार फ्रिदा कहलो की बनाई हुई पेंटिंग न्यूयॉर्क में करीब 485 करोड़ रुपये में बिकी है। इसके साथ यह किसी महिला कलाकार की बनाई गई अब तक की सबसे महंगी पेंटिंग बन गई है। पेंटिंग की नीलामी कराने वाली सोथबी ने बताया कि इसका नाम एल सुएनो (ला कामा) है, जिसका अर्थ होता है सपना (बिस्तर)। इस पेंटिंग ने अमेरिकी कलाकार जॉर्जिया ओ'कीफे के बनाए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

### ब्रिटेन ने वीजा धोखाधड़ी रोकने का अभियान तमिलनाडु तक बढ़ाया

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन ने वीजा फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए अपने जागरूकता अभियान को भारत के तमिलनाडु तक बढ़ाया है। पंजाब में सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद अब तमिलनाडु में भी विशेष जागरूकता अभियान चलेगा और तमिल भाषा में वाट्सएप, चैटबॉट के जरिये लोग नकली वीजा और धोखेबाज एजेंटों की पहचान कर सकेंगे। यह कदम अवैध प्रवासन पर लगाम लगाने और यात्रियों को सुरक्षित रखने की दिशा में भारत-ब्रिटेन सहयोग मजबूत करता है।

### एफबीआई की सूचना पर वांछित रूसी हैकर बैंकॉक से गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई की सूचना पर वांछित रूसी हैकर को बैंकॉक से गिरफ्तार किया है। अमेरिका और यूरोपीय एजेंसियों पर साइबर हमले के आरोपी को फुकेट द्वीप से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक, 35 वर्षीय संदिग्ध 30 अक्तूबर को फुकेट एयरपोर्ट से थाईलैंड आया था और एक होटल में ठहरा था। थाई पुलिस के अनुसार, संदिग्ध को औपचारिक तौर पर हिरासत में लेकर प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## दुश्मन से दोस्त बने ट्रंप और ममदानी, वाइट हाउस में मुलाकात के बाद बदले अमेरिकी राष्ट्रपति के सुर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सबसे बड़े आलोचकों में से एक जोहरान ममदानी से वाइट हाउस में मुलाकात की है। उम्मीद के उलट, दोनों की यह मुलाकात बेहद सकारात्मक रही है। हाल ही में अमेरिका के सबसे बड़े शहर न्यूयॉर्क के मेयर चुने गए जोहरान ममदानी और ट्रंप के बीच हुई पहली मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर सहमति बनी और जिसे लेकर ट्रंप ने भी हैरानी जताई। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप इससे पहले ममदानी को सार्वजनिक रूप से 'वामपंथी पागल' जैसे उपनाम दे चुके हैं। वहीं ममदानी ने भी ट्रंप की नीतियों की लगातार आलोचना की है। हालांकि शुक्रवार को ट्रंप ने ओवल ऑफिस में ममदानी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच हुई बैठक भी खास रही।



**नए मेयर की मदद करेंगें ट्रंप :** इससे पहले तक ममदानी के आने पर न्यूयॉर्क की फंडिंग रोक देने की बात कहने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह न्यूयॉर्क को मजबूत और सुरक्षित शहर बनाने में नए मेयर की मदद करेंगें। ट्रंप ने कहा, 'हम ममदानी की मदद करेंगे, ताकि हर किसी का सपना सच हो सके, एक मजबूत और सुरक्षित न्यूयॉर्क का निर्माण हो। वहीं ममदानी ने बैठक के बाद कहा, 'मैं इस बात के लिए राष्ट्रपति की सराहना करता हूं कि हमारी मीटिंग में असहमति की पर फोकस नहीं था। बल्कि इसमें न्यूयॉर्क के लोगों के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने को लेकर चर्चा हुई।'

**जब ममदानी के बचाव में उतरे ट्रंप :** अमेरिकी राष्ट्रपति कई बार ममदानी को बचाने की कोशिश करते हुए भी दिखे और पत्रकारों को उनकी तरफ से जवाब दिया। जब रिपोर्टरों ने ममदानी से उनके पिछले बयानों को साफ करने के लिए कहा, जिनमें उन्होंने कहा था कि उन्हें लगता है कि ट्रंप एक फासिस्ट की तरह काम कर रहे हैं, तो ट्रंप ने कहा, 'मुझे तानाशाह से भी बुरा कहा गया है।' वहीं जब एक रिपोर्टर ने पूछा कि क्या ममदानी अपने उस कमेंट पर कायम हैं कि ट्रंप एक फासिस्ट हैं, तो मेयर-इलेक्ट के सवाल का पूरा जवाब देने से पहले ही ट्रंप ने बीच में ही बोल दिया। ट्रंप ने कहा, 'कोई बात नहीं। आप बस हां कह सकते हैं। ठीक है? मुझे कोई दिक्कत नहीं है।'

**ममदानी को जिहादी नहीं मानते हैं ट्रम्प :** एक पत्रकार ने ट्रम्प से पूछा कि रिपब्लिकन नेता एलिस स्टेफनिक ने ममदानी को 'जिहादी' कहा है, क्या ट्रम्प भी यही मानते हैं? इस पर ट्रम्प ने बिना हिचकिचाहट कहा- नहीं, मैं ऐसा नहीं मानता। ट्रम्प ने आगे कहा कि मुलाकात के दौरान उन्हें ममदानी एक शांत, समझदार और तार्किक इंसान लगे। उन्होंने कहा- मैं एक ऐसे इंसान से मिला हूं जो बहुत ही समझदारी से बात करता है। ट्रम्प बोले- ममदानी के बेहतर काम करने से मुझे खुशी होगी ट्रम्प ने कहा कि हम न्यूयॉर्क को फिर से शानदार बनाना चाहते हैं। ममदानी जितना बेहतर करेंगे, मैं उतना ही खुश रहूंगा। ट्रम्प ने यहां तक कहा कि ममदानी कई कंजरवेटिव लोगों को हैरान कर देंगे और उनके कुछ विचार मुझसे से मिलते-जुलते हैं। ममदानी ने भी मीटिंग को प्रोडक्टिव बताया और कहा कि हमने किराया, राशन, बिजली बिल और रहने की बढ़ती कीमतों पर बात की। हम दोनों न्यूयॉर्क के 85 लाख लोगों के लिए जीवन को सस्ता बनाना चाहते हैं। ट्रम्प बोले- हमारा मकसद न्यूयॉर्क को बेहतर शहर बनाना ममदानी से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने कहा कि कुछ मुद्दों पर दोनों की राय अलग हो सकती है, लेकिन बातचीत से हल जरूर निकलेगा। ट्रम्प ने कहा कि या तो ममदानी उन्हें समझा लेंगे या फिर वह ममदानी को, लेकिन आखिर में फैसला वही होगा जो न्यूयॉर्क के लिए अच्छा होगा। ट्रम्प ने साफ कहा कि दोनों नेताओं का मकसद एक ही है न्यूयॉर्क को फिर से बेहतरीन शहर बनाना। उन्होंने कहा कि अगर ममदानी शानदार तरीके से काम करते हैं और शहर में सकारात्मक बदलाव लाते हैं, तो उन्हें इससे सबसे ज्यादा खुशी होगी। ट्रम्प बोले- मैं न्यूयॉर्क से प्यार करता हूं ट्रम्प ने कहा कि ममदानी से मीटिंग ने उन्हें हैरान कर दिया और दोनों के बीच कई मुद्दों पर खुलकर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि कुछ पॉलिसी पर हमारे विचार अलग हो सकते है, लेकिन न्यूयॉर्क को बेहतर बनाना दोनों का मकसद है। ट्रम्प ने कहा- मैं उम्मीद करता हूं कि मैं उनकी मदद करूं, न कि उनको कोई नुकसान पहुंचाऊं, क्योंकि मैं चाहता हूं कि न्यूयॉर्क शानदार बने। ममदानी कामयाब हों जब पत्रकारों ने ट्रम्प से पूछा कि क्या वे ममदानी के शासन में न्यूयॉर्क में रहना पसंद करेंगे, तो ट्रम्प ने तुरंत कहा- हां, बिल्कुल, खासकर उनसे मिलने के बाद। ट्रम्प ने बताया कि मीटिंग के बाद उन्हें लगा कि ममदानी शहर के लिए अच्छा काम कर सकते है। उन्होंने कहा कि वह चाहते है ममदानी सफल हों, क्योंकि न्यूयॉर्क की सफलता दोनों के लिए अहम है। ट्रम्प और ममदानी की मुलाकात में इमिग्रेशन सबसे बड़ा मुद्दा रहा। दोनों ने इस पर काफी देर तक बात की। ममदानी चाहते है कि न्यूयॉर्क में रह रहे सभी माइग्रेंट्स को सुरक्षा मिले।

## हेनली पासपोर्ट इंडेक्सः पासपोर्ट रैंकिंग में एक बार फिर पाकिस्तान कमजोर, भारत की स्थिति में सुधार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया-भर में पासपोर्ट की शक्ति को मापने वाली हेनली पासपोर्ट इंडेक्स की नवीनतम रिपोर्ट में पाकिस्तान का पासपोर्ट एक बार फिर सबसे कमजोर पासपोर्टों में गिना गया है। पाक के नागरिक केवल कुछ सीमित देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल सुविधा के साथ यात्रा कर सकते हैं, जबकि दूसरी ओर सिंगापुर, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे एशियाई देश सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट रैंकिंग में टॉप-टेन में शामिल रहे। भारत की स्थिति मध्यम श्रेणी में बनी हुई है, जिसमें मामूली सुधार दर्ज किया गया है लेकिन अभी भी कई विकसित देशों में प्री-वीजा की अनिवार्यता चुनौती बनी हुई है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स के आंकड़े दिखाते हैं कि पाकिस्तान उन देशों में है जिनकी विश्व-स्तरीय यात्रा स्वतंत्रता क्षमता अत्यधिक सीमित है।




**ये देश हैं सबसे शक्तिशाली :** पासपोर्ट इंडेक्स में जिन पासपोर्टों को सबसे अधिक शक्तिशाली माना गया है, उनके नागरिक 185+ देशों तक वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इन देशों में सिंगापुर जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, इटली स्पेन, फिनलैंड, स्वीडन, डेनमार्क नीदरलैंड, लक्जमबर्ग और ऑस्ट्रिया शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार एशियाई देशों की आर्थिक उन्नति, रणनीतिक साझेदारियां और सुरक्षा सहयोग इनके पासपोर्ट की ताकत को लगातार बढ़ा रहे हैं।

**सिर्फ 30-35 देशों में ही वीजा मुक्त यात्रा :** पाकिस्तान पासपोर्ट धारक लगभग 30-35 देशों तक ही वीजा-फ्री या वीजा-ऑन- अराइवल सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

रक्षा विशेषज्ञों और विदेश नीति विश्लेषकों के अनुसार पाकिस्तान की रैंकिंग के लगातार गिरने के पीछे मुख्य कारण हैं राजनीतिक अस्थिरता, आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां, आतंकवाद से जुड़े जोखिम और वैश्विक कूटनीति में भरोसे की कमी। इस सूची में अफगानिस्तान सबसे आखिरी पायदान पर, सीरिया दूसरे सबसे कमजोर स्थान पर, इराक तीसरे और पाकिस्तान चौथे सबसे कमजोर पासपोर्ट की श्रेणी में दर्ज है।

## रिपब्लिकन सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन का कांग्रेस से इस्तीफे का एलान, ट्रंप की नीतियों से हैं नाराज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** जॉर्जिया की रिपबल्किन पार्टी की सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन ने कांग्रेस से इस्तीफे का एलान कर सभी को चौंका दिया है। मार्जोरी टेलर ग्रीन कभी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की करीबी थीं, लेकिन अब उनकी आलोचक बन गई हैं और दोनों के बीच सार्वजनिक तौर पर भी बहस हो चुकी है। ग्रीन ने ऑनलाइन पोस्ट किए गए 10 मिनट से ज्यादा के वीडियो में अपने फैसले के बारे में बताया और कहा कि उन्हें वॉशिंगटन डी.सी. में हमेशा से नफरत की नजर से देखा गया है, और वह कभी भी वहां फिट नहीं हुईं।

**ट्रंप की समर्थक से बनीं आलोचक :** ग्रीन ट्रंप की 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' राजनीति के सबसे मुखर समर्थकों में से एक थीं। हालांकि हाल के महीनों में ट्रंप के साथ उनके संबंध बिगड़े थे और दोनों के बीच सार्वजनिक तौर पर अनबन हुई, क्योंकि मार्जोरी टेलर ग्रीन ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों के साथ-साथ विदेश नीति और हेल्थ केयर पर ट्रंप के रुख की आलोचना की थी। इसके बाद ट्रंप ने उन्हें गद्दार और पागल कहा और कहा कि जब वह अगले साल फिर से चुनाव लड़ेंगी तो वह उनके ख़िलाफ़ एक अन्य उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

**कई बयानों को लेकर चर्चा में रहीं :** वीडियो में मार्जोरी टेलर ग्रीन कहा कि उनका कांग्रेस में आखिरी दिन 5 जनवरी, 2026 होगा। मार्जोरी के एलान पर अभी तक व्हाइट हाउस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ग्रीन पांच साल पहले अपना राजनीतिक करियर शुरू करने के बाद से ही ट्रंप के साथ करीब से जुड़ी हुई थीं। ग्रीन ने क्क्षुश्चठ्ठ थ्योरी को अपनाया और श्वेत सर्वोच्चता की समर्थक रहीं। इसे लेकर पार्टी नेताओं ने ग्रीन का विरोध भी किया लेकिन ट्रंप ने उनका स्वागत किया। ग्रीन ने 2019 में तर्क दिया कि सांसद इल्हान उमर और रशीदा तलीब, दोनों मुस्लिम महिलाएं, कांग्रेस की आधिकारिक सदस्य नहीं थीं क्योंकि उन्होंने अपने शपथ ग्रहण समारोहों में बाइबल के बजाय कुरान की शपथ ली थी।

## सऊदी के पत्रकार खशोगी की पत्नी हुई भावुक, मीडिया से कहा- अपहरण-प्रताड़ना को सही नहीं कह सकते

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय चर्चा में है। वॉशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार रहे खशोगी की पत्नी हनन एल्तार खशोगी ने भावुक होकर कहा कि किसी भी हाल में अपहरण और प्रताड़ना को सही नहीं ठहराया जा सकता। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की वह टिप्पणियां भी दोबारा चर्चा में आ गई हैं, जिनमें उन्होंने 2018 में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का खुलकर बचाव किया था। ट्रंप ने उस समय अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की जांच को खारिज करते हुए दावा किया था कि क्राउन प्रिंस का इस्तांबुल स्थित सऊदी वाणिज्य दूतावास में हुई इस हत्या से कोई संबंध नहीं है। ट्रंप ने खशोगी को बहुत विवादित व्यक्ति बताते हुए कहा था कि उनके बारे में बहुत लोग पसंद नहीं करते और



ऐसी चीजें हो जाती हैं। उन्होंने खुफिया रिपोर्टों की बजाय सऊदी नेतृत्व के बयानों पर अधिक भरोसा जताया और कहा था कि कूटनीतिक मेहमान को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा नहीं किया जाना चाहिए।

**खशोगी की हत्या पर ट्रंप ने पहले क्या बोला? :** ट्रंप ने 2018 में खशोगी की हत्या के तुरंत बाद सऊदी अरब के साथ आर्थिक संबंधों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा था कि वह अमेरिका में आने वाले अरबों डॉलर को रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने बार-बार क्राउन प्रिंस के इनकार को दोहराया और कहा कि वह कुछ नहीं जानते थे। उस समय एक्स पर में ट्रंप ने लिखा था कि उन्होंने क्राउन प्रिंस से बात की है जिन्होंने दूतावास में हुई घटना के बारे में पूरी तरह अनजान होने की बात कही। इसके बाद भी कई अवसरों पर ट्रंप ने इसी बयानबाजी को मजबूत किया।

**क्राउन प्रिंस का बचाव करते रहे ट्रंप :** जब अमेरिकी मीडिया ने रिपोर्ट किया कि सीआईए ने क्राउन प्रिंस की हत्या में प्रत्यक्ष भूमिका की पुष्टि की है, तब भी ट्रंप ने कहा था कि हमें बताया गया है कि उनकी कोई भूमिका नहीं थी, और फिर वही पुराना बयान दोहराया कि कौन सच जान सकता है। नवंबर 2018 में जारी एक लिखित बयान में उन्होंने इस हत्या को अस्वीकार्य और भयानक अपराध कहा, लेकिन साथ ही यह भी लिखा कि शायद उन्होंने किया हो, शायद नहीं किया हो। ट्रंप ने बार-बार यह भी कहा कि अमेरिका का संबंध व्यक्तियों से नहीं, बल्कि सऊदी अरब के साम्राज्य से है। खशोगी की हत्या ने अमेरिकी-सऊदी संबंधों, हथियार सौदों और विदेश नीति पर गहरी बहस छेड़ी थी। ट्रंप ने आर्थिक हितों और कूटनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता देते हुए अरबों डॉलर के रक्षा सौदों को रद्द करने से इनकार किया था। इसमें कोई संदेह नहीं कि उस समय उनके बयान सऊदी नेतृत्व के लिए सबसे प्रबल सार्वजनिक समर्थन माने गए थे। आज जब खशोगी का मामला फिर चर्चा में है।

## मिनेसोटा में सोमाली प्रवासियों को मिलने वाली कानूनी सुरक्षा खत्म होगी, ट्रंप का एलान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह मिनेसोटा में रहने वाले सोमाली प्रवासियों के लिए अस्थायी कानूनी सुरक्षा तुरंत खत्म कर रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में ये लिखा। ट्रंप अपने इसक दम से एक ऐसे प्रोग्राम को निशाना बना रहे हैं जो निर्वासन को कम करने की कोशिश कर रहा है, जिसे ट्रंप प्रशासन पहले ही उनकी निर्वासन प्रक्रिया को बार-बार कमजोर करने की कोशिश करार दे चुका है।

**मिनेसोटा में रहते हैं सबसे ज्यादा सोमाली लोग :** अमेरिकी राज्य मिनेसोटा में देश की सबसे बड़ी सोमाली कम्युनिटी है। कई लोग पूर्वी अफ्रीकी देश सोमालिया में लंबे गृह युद्ध से भागकर अमेरिका आए थे और राज्य के सामाजिक प्रोग्राम के जरिए इन्हें कानूनी सुरक्षा भी मिली हुई है। लेकिन ट्रंप की शुक्रवार रात को इस प्रोग्राम को तुरंत खत्म करने की घोषणा कर दी। हालांकि उनके इस एलान से बेहद कम प्रवासियों पर इसका असर पड़ेगा। अगस्त में कांग्रेस में पेश की गई एक रिपोर्ट में बताया गया कि इस प्रोग्राम के तहत कवर होने वाले सोमाली लोगों की संख्या देश भर में सिर्फ 705 है।

**साल 1990 में अमेरिकी सरकार ने सोमाली लोगों को दी थी ये कानूनी सुरक्षा :** कांग्रेस ने 1990 में अस्थायी सुरक्षा स्टेटस देने वाला प्रोग्राम बनाया था। इसका मकसद लोगों को उन देशों में डिपोर्ट होने से रोकना था जो प्राकृतिक आपदा, गृह युद्ध या दूसरे खतरनाक हालात से जूझ रहे हैं। इस प्रोग्राम के तहत अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी सचिव सोमाली लोगों को मिनेसोटा में रहने की कानूनी सुरक्षा दे सकते हैं और इसे 18 महीने के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**ट्रंप ने की तीखी आलोचना :** इस प्रोग्राम की आलोचना करते हुए ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मिनेसोटा धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। ट्रंप ने लिखा, 'सोमाली गैंग इस महान राज्य के लोगों को डरा रहे हैं, और अरबों डॉलर गायब हैं। इसलिए उन्हें वापस वहीं भेजेंगे, जहां से वे आए थे। अब बस बहुत हुआ।' डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की सत्ता पर काबिज होने के बाद से लाखों अप्रवासियों को अमेरिका से बाहर करने का वादा किया है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन ने कई कानूनी सुरक्षा कार्यक्रमों को बंद कर दिया है, जिनसे अप्रवासियों को अमेरिका में रहने और काम करने की कानूनी सुरक्षा मिलती थी। इसके तहत ट्रंप ने छह लाख वेनेजुएला और पांच लाख हैती के लोगों को मिली कानूनी सुरक्षा खत्म कर दी। जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने यह सुरक्षा दी थी।

## जी20 देश अपनी ताकत का इस्तेमाल, दुनिया की परेशानियों को कम करने में करें', यूएन महासचिव की अपील

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि जी20 देशों में दुनिया की मुश्किलों को कम करने और दुनिया को ज्यादा शांतिपूर्ण रास्ते पर लाने की क्षमता है। उन्होंने जी20 देशों के समूह से अपनी ताकत का इस्तेमाल गरीब और विकासशील देशों की परेशानियों को कम करने में इस्तेमाल करने की अपील की। गुटेरेस ने यह बात शुक्रवार को जोहान्सबर्ग पहुंचने के बाद एक मीडिया बातचीत में कही। गुटेरेस जोहान्सबर्ग में हो रहे जी20 सम्मेलन में शिरकत करेंगे।



**'बढ़ता सैन्य खर्च विकास संसाधनों को खींच रहा' :** गुटेरेस ने कहा, 'अगले दो दिनों में जी20 नेताओं के लिए मेरा संदेश आसान है। अब लीडरशिप और विजन का समय है। उन्होंने दुनिया भर में जारी संघर्षों, जलवायु की गड़बड़ी, आर्थिक अनिश्चितता, असमानता और वैश्विक मदद में कमी का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ता सैन्य खर्च विकास संसाधनों को खींच रहा है। उन्होंने कहा, 'दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते, त्न20 देश मुश्किलों को कम करने, यह पक्का करने में बहुत बड़ा असर डाल सकते हैं कि आर्थिक विकास सबका हो। जो हमारी दुनिया को भविष्य के लिए एक बेहतर, ज़्यादा शांतिपूर्ण रास्ते पर ले जा सके।'

'अफ्रीका को हर वैश्विक मंच पर जगह मिलनी चाहिए, जहां फैसले लिए जाते हैं' गुटेरेस ने कहा कि 'अफ्रीका को हर उस फोरम में सही जगह मिलनी चाहिए जहां फैसले लिए जाते हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के बोर्ड से लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट और दूसरी वैश्विक निकायों तक भी पहुंच होनी चाहिए।' गुटेरेस ने सुझाव दिया, 'त्न20 इस ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने और ऐसे सुधार लाने में मदद कर सकता है जो विकासशील देशों और खासकर अफ्रीका को वैश्विक नीति बनाने में आवाज़ दें, और आने वाले वर्षों में वैश्विक आर्थिक प्रशासन को ज्यादा समावेशी, समान और असरदार बनाएं।' गुटेरेस ने कहा कि वह जी20 सदस्यों से ये भी कहेंगे कि वे सूडान, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, माली, यूक्रेन, गाजा, हैती, यमन और म्यांमार समेत दुनिया भर में मौत, तबाही और अस्थिरता पैदा करने वाले झगड़ों को खत्म करने के लिए अपने असर और आवाज का इस्तेमाल करें।

## अमेरिका के नए प्रपोजल को पुतिन से मिली हरी झंडी, पर क्या यूक्रेन को मंजूर होगी ऐसी 'शांति'?

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते 3 सालों से जारी जंग को लेकर अमेरिका ने हाल ही में एक नया शांति प्रस्ताव पेश किया है। अब इस प्रस्ताव पर पहली बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का रिएक्शन सामने आया है। जहां एक तरफ यूक्रेन की तरफ से इस प्रस्ताव को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, वहीं पुतिन ने इस पीस प्रपोजल को हरी झंडी दे दी है। पुतिन ने कहा है कि अमेरिका का यह प्लान यूक्रेन में शांति का आधार हो सकता है। रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि लेकिन अगर कीव ने यह प्लान ठुकरा दिया तो रूसी सेना आगे बढ़ती रहेगी।

पुतिन ने रशियन सिक्योरिटी काउंसिल की एक मीटिंग में सीनियर अधिकारियों से कहा, 'मेरा मानना है कि इसे आखिरी शांतिपूर्ण समझौते के आधार के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।' पुतिन ने आगे कहा कि 28-पॉइंट वाले इस प्लान पर अभी तक अमेरिका के साथ विस्तार से बातचीत नहीं हुई है, लेकिन रूस को इसकी एक कॉपी मिल गई है।

पुतिन ने कहा कि अमेरिकी सरकार अब तक यूक्रेनी पक्ष की मंजूरी लेने में नाकाम रहा है और यूक्रेन शांति के खिलाफ है। पुतिन ने आगे कहा, 'अगर यूक्रेन प्रेसिडेंट ट्रंप के प्रपोज़ल पर बात नहीं करना चाहता और ऐसा करने से मना करता है, तो उन्हें और यूरोपियन वारमोंगर्स दोनों को यह समझना चाहिए कि कुपियांस्क में जो घटनाएं हुईं, वे फ्रंट के दूसरे खास सेक्टर्स में भी जरूर दोहराई जाएंगी।'

**नए शांति प्रस्ताव में क्या :** बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप की यूक्रेन युद्ध खत्म करने की कोशिश में अमेरिका ने नया शांति प्रस्ताव पेश किया है। जानकारी के मुताबिक इस प्रस्ताव को अमेरिका और रूस के बीच हुई बातचीत के आधार पर यह तैयार किया गया है और यूक्रेन को चर्चा में शामिल नहीं किया



गया था। ऐसे में यह मसौदा साफ तौर पर रूस के पक्ष में दिखाई देता है।

प्रस्ताव के तहत यूक्रेन को अपनी सेना की क्षमता आधी करनी होगी और कई अहम हथियार छोड़ने होंगे। वहीं अमेरिका और अन्य देश क्रीमिया और डोनबास को रूस के हिस्से के रूप में मान्यता दे सकते हैं। वहीं रूस को यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र जापोरिज्जिया से उत्पादित आधी बिजली का उपयोग करने की भी अनुमति होगी।

**यूक्रेन को मंजूर होगी ऐसी शांति :** इससे पहले जेलेंस्की ने इस बारे में सोशल मीडिया पर एक संतुलित बयान दिया था। उन्होंने लिखा, 'यूक्रेन और अमेरिका की हमारी टीमें शांति योजना के प्रावधानों पर मिलकर काम करेंगी। हम ईमानदारी, तेजी से और सकारात्मक माहौल में काम करने के लिए तैयार हैं।' हालांकि, पिछला रुख देखते हुए यह माना जा रहा है कि जेलेंस्की इस प्रस्ताव को मानने से इनकार कर सकते हैं, क्योंकि वह पहले भी अपनी जमीन छोड़ने के ट्रंप के सुझावों का सख्त विरोध कर चुके हैं। यूरोपीय देशों के नेता भी इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि अमेरिका की यह शांति पहल असल में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनकी आक्रामकता के लिए इनाम देने जैसी है, जिससे वह कमजोर होने के बजाय और साहस पा सकते हैं।

# दूसरा टेस्ट : मुथुसामी, यानसन की अच्छी बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने बनाये 489 रन

**–भारत ने बिना किसी नुकसान के 9 रन बनाये**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** सेनुरन मुथुसामी के शतक और मार्को यानसन के अर्धशतक से दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 489 रन बनाये। इसके बाद भारतीय टीम ने दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 9 रन बना लिए थे। स्टंप के समय केएल राहुल 2 और यशस्वी जायसवाल 7 रन पर खेल रहे थे।

इससे पहले कुलदीप यादव ने यानसन 93 को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी का 489 के स्कोर पर अंत कर दिया। कुलदीप ने 152वें ओवर की पहली गेंद पर यानसन को आउट कर दिन का अपना यह पहला विकेट लेकर मेहमान टीम की पारी 489 रन पर समेट दी। यानसन ने 91 गेंदों में सात छक्के मारे और छह चौके लगाते हुए 93 रनों की पारी खेली। वहीं कुलदीप ने चार विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा को दो-दो विकेट मिले।

मोहम्मद सिराज ने सेनुरन मुथुसामी को आउट किया। मुथुसामी ने 206 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए 109 रनों की पारी खेली। वहीं जसप्रीत बुमराह ने साइमन हार्मर को पांच रन पर आउट कर दिया। पहले सत्र में, सेनुरन मुथुसामी और काइल वेरेन की जोड़ी ने सातवें विकेट के लिए 88 रन जोड़े। जडेजा ने काइल वेरेन को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। काइल वेरेन ने 122 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 45 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये माकर यानसन ने सेनुरन मुथुसामी के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। इस दौरान सेनुरन मुथुसामी ने अपना शतक और माकर यानसन ने तेज बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपना अर्धशतक लगाया।



## भारतीय महिला टीम ने जीता दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट विश्व कप



**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप फाइनल में रविवार को यहां के पी सारा ओवल मैदान में नेपाल को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप का यह पहला आयोजन है। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रनों पर रोक दिया और फिर महज 12 ओवरों में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया।

भारत का इस मैच पर दबदबा इतना था कि नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी। फुला सरेन नाबाद 44 रनों की पारी के साथ भारत की सर्वोच्च स्कोरर रही। भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था। सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती चरण के पांच मैचों में सिर्फ एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) ही जीत सका।

पाकिस्तान की बी3 (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित) खिलाड़ी मेहरीन अली छह टीमों के टूर्नामेंट में सबसे सफल बल्लेबाज रही। उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों में खेली गई 230 रनों की पारी भी शामिल है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 133 रनों की पारी खेली थी।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित, राहुल कप्तानी संभालेंगे

**–तिलक और ऋतुराज शामिल**



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए रविवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को मिली है। वहीं नियमित कप्तान शुभमन गिल गर्दन में अकड़न के कारण शामिल नहीं किये गये हैं। श्रेयस अय्यर भी फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर है।

टीम में तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ को भी शामिल किया गया है। दक्षिया अफ्रीका-ए के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी के कारण ऋतुराज को टीम में जगह मिली है। वहीं तिलक को भी टी20 अंतरराष्ट्रीय में शानदार बल्लेबाजी के कारण एकदिवसीय में जगह दी गयी है। ऋतुराज ने भारत के लिए 6 और तिलक ने 4 एकदिवसीय मुकाबले खेले हैं. ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत भी एकदिवसीय दल में शामिल हैं। 15 सदस्यीय टीम में अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा को भी रखा गया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, और अक्षर पटेल को टीम में जगह नहीं मिली है।

**टीम इस प्रकार है –** केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, ऋतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह और ध्रुव जुरेल.

सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची में होना है। दूसरा 3 दिसंबर को रायपुर में और तीसरा 6 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेला जाएग।

## इंग्लैंड टीम आक्रामक रणनीति नहीं बदलेगी : मैकुलम



**पर्थ (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भी उनकी टीम अपनी आक्रामक रणनीति नहीं बदलेगी। पहले टेस्ट में इंग्लैंड को आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही कई पूर्व क्रिकेटरों ने टीम की रणनीति पर सवाल उठाये हैं। इंग्लैंड की टीम पहले मैच में केवल दो दिनों में ही हार गयी। जिससे यह 1921 के बाद एशेज का सबसे छोटा टेस्ट बन गया। दूसरे दिन की शुरुआत में इंग्लैंड टीम अच्छी स्थिति में थी पर कुछ समय में ही मैच पलट गया। दूसरे दिन की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 123 रन था, कप्तान बेन स्टोक्स की शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया 132 रनों पर ही आउट हो गयी। मेहमान टीम ने 40 रन की बढ़त ली, जिससे वह ऑस्ट्रेलियाई धरती पर अच्छी स्थिति में आ गयी थी। पर अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल करने की स्थिति में आ गए।

इंग्लैंड ने अच्छी शुरुआत की जिससे उन्हें 9 विकेट शेष रहते 105 रन की बढ़त मिल गई पर बाद में उसकी बल्लेबाजी ढ़ह गयी। टीम ने 18.2 ओवर के अंदर अपने बचे हुए सभी विकेट खो दिए और अच्छी शुरुआत के बाद केवल 99 रन ही बना पायी। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम को केवल 205 रनों का लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए ट्रैविस हेड ने केवल 83 गेंदों पर ही 123 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। पहला टेस्ट हारने के बाद मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि टीम की हार से वह निराश जरुर हैं पर इंग्लैंड पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वह दूसरे ब्रिस्बेन टेस्ट पर ध्यान देगा। मैकुलम ने कहा, हम कुछ समय से चीजों पर बहुत ज्यादा प्रतिक्रिया देने से बचने का प्रयास कर रहे हैं। हम जानते हैं कि इससे दुख होगा और इससे केवल हमें ही नहीं, बल्कि हमारी टीम का समर्थन करने वाले सभी लोगों को परेशानी होगी। हमारे लिए, यह जरुरी है कि हम अपने आत्मविश्वास और अपने भाईचारे को बनाये रखें। हम जानते हैं कि जब हम अपना बेहतर प्रदर्शन देते हैं, तो हम एक बहुत अच्छी क्रिकेट टीम होते हैं। अब हमारे पास अगले 10 से 12 दिनों के लिए काफी समय है इससे हम यह तय सकें कि जब हम ब्रिस्बेन में जीत हासिल कर सके। मैकुलम ने कहा कि वे चार दिसंबर से गाबा में होने वाले अगले चार टेस्ट मैचों में अपनी आक्रामक रणनीति से पीछे नहीं हटेंगे।

## ऋषभ को अंपायरों ने दी चेतावनी, फिर हुई गलती तो भारतीय टीम पर लगेगा जुर्माना

गुवाहटी (एजेंसी)। यहां जारी दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में अंपायरों ने दूसरी बार भारतीय टीम के कप्तान ऋषभ पंत को चेतावनी दी है। ऐसे में अब अगर ऋषभ फिर से गलती करते हैं तो भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया जाएगा। अंपायरों ने ओवरों के बीच तय समय से ज्यादा समय लेने के लिए कप्तान को चेताया है। धीमी ओवर गति के लिए भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे ऋषभ को ये चेतावनी दी है। ऋषभ को दूसरी चेतावनी अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने 88वें ओवर के शुरु होने से पहले दी। इसका कारण ये है कि जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव के ओवर के बीच कप्तान ने फील्डिंग जमाने में अधिक समय लगा दिया था। ऐसे में अगर कप्तान फिर से टाइम खराब करते हुए पाये जाते हैं तो उन पर 5 रन का जुर्माना लगाया जा सकता है। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के खाते में ये रन जुड़ जाएंगे। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 247 रन बनाये थे। उसे शीर्ष बल्लेबाजों एडन मार्करम, रायन रिकल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और टेंबा बावुमा सभी ने अच्छी शुरुआत की हालांकि कोई वे बड़ी पारी नहीं खेल पाये।

## हॉकी इंडिया ने किया बड़ा ऐलान, पुरुष जूनियर विश्व कप के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की



मदुरै। हॉकी इंडिया ने 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक यहां होने वाले पुरुष जूनियर विश्व कप के मैच देखने के लिए रविवार को मुफ्त टिकटों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के मैच चेन्नई में भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जिससे यह जूनियर विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बन जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'मुफ्त टिकट की पेशकश करके हमारा उद्देश्य तमिलनाडु और उसके बाहर के छात्रों, युवा खिलाड़ियों, परिवारों और हॉकी प्रेमियों के लिए दरवाजे खोलना है।' विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्चुअल फ्री टिकट टिकटजीनी वेबसाइट या हॉकी इंडिया ऐप से बुक किए जा सकते हैं।

## हेड की पारी देखकर शास्त्री को याद आया 2023 एकदिवसीय विश्वकप



पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने एशेज सीरीज के पहले ही मैच में आक्रामक बल्लेबाजी कर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने वाले बल्लेबाज ट्रैविस हेड की जमकर प्रशंसा की है। इसी के साथ ही शास्त्री ने साल कप 2023 के एकदिवसीय विश्वकप फाइनल को भी याद किया जब हेड के कारण ही भारतीय टीम के हाथ से खिताब निकल गया था। शास्त्री ने कहा कि जैसा हेड ने भारत के खिलाफ किया था वैसा ही उसने अब इंग्लैंड से किया है। हेड ने एक ऐसी पारी पर्थ में खेली, जिसे इंग्लैंड की टीम कई साल तक भूल नहीं पायेगी। दूसरे ही दिन एक ही सत्र में हेड ने शतक लगाकर अपनी टीम का जीत दिला दी। शास्त्री ने सोशल मीडिया में लिखा, 'हेड दो साल पहले आपने मेरे देश को शांत करा दिया था और आज, आपने फिर से वही इंग्लैंड के खिलाफ खेल के सबसे बड़े प्रारुप में किया है। आक्राम अंदाज़ में, एक शानदार पारी खेली।' हेड को लेकर शास्त्री ने विश्व कप 2023 फाइनल में खेली गई पारी को भी याद किया, जब उन्होंने अपनी टीम को कठिन हालातों में से निकालकर जीत दिला दी थी। हेड की पारी के कारण ही लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम को अपनी ही धरती पर हार का सामना करना पड़ा था।

## लक्ष्य ने जापान के तनाका को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन खिताब जीता



**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के लक्ष्य सेन ने यहां खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट को जीत लिया है। लक्ष्य ने 475,000 लाख डॉलर की इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जापान के 26 वर्षीय युशी तनाका को फाइनल में 21-15, 21-11 से हराया। ये मुकाबला 38 मिनट ही चला। लक्ष्य ने तनाका को सीधे गेमों में हराकर पिछले कुछ समय से मिल रही असफलता को पीछे छोड़ दिया है। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद भी लक्ष्य पिछले कुछ समय में सफल नहीं रहे थे पर इस जीत से तय है कि उन्होंने एक बार फिर लय हासिल कर ली है।

लक्ष्य ने जापान के तनाका पर मिली जीत के बाद कानों में उंगलियां डालकर जश्न मनाया। इससें अंदाजा होता है कि ये खिताब उनके लिए कितना अहम है। इस जीत के साथ लक्ष्य ने लगभग दो साल बाद सुपर 500 स्तर पर ट्रॉफी जीती है। इससे पहले उन्होंने 2024 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल (सुपर 300) जीता था पर कनाडा ओपन के बाद से ही वह किसी बड़े टूर्नामेंट में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाए थे।

इस सत्र में विश्व टूर जीतने वाले लक्ष्य सेन केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपर सुपर 300 में अपना पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता था। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी इस साल कई फाइनल तक पहुंचे वहीं जबकि किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे थे। ऐसे में लक्ष्य की यह जीत भारतीय बैडमिंटन में उर्जा का संचार करेगी।

फाइनल में लक्ष्य ने आक्रामक और संयमित खेल दिखाकर अपनी बढ़त बनाये रखी। 6-3 की शुरुआती बढ़त के बाद उन्होंने जापानी विरोधी की लगातार गलतियों का लाभ उठाया। इस दौरान दर्शकों ने भी उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने तनाका को रैलियों में बांधे रखा, जिससे विरोध खिलाड़ी का संभलने का अवसर ही नहीं मिला।

दूसरे गेम में लक्ष्य ने अपना स्तर और ऊपर उठाया। तेज़ रिएक्शन, धारदार ड्राइव से दबाव बनाये रखा।

वहीं जापनी खिलाड़ी गलतियों करते हुए संभल नहीं पाये।

## मुशफिकुर रहीम का शतक, बांग्लादेश ने आयरलैंड को श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप



मीरपुर (बांग्लादेश)। मुशफिकुर रहीम ने अपने 100वें टेस्ट में शतक जड़ा जिससे बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 217 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। मुशफिकुर ने पहली पारी में 106 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 53 रन की पारी खेली जिससे उन्होंने मैच में कुल 159 रन बनाए जबकि लिटन दास ने 128 रन की शतकीय पारी खेली। इससे मेजबान टीम ने पहली पारी में 476 रन बनाए। आयरलैंड के ऑफ-स्पिनर एंडी मैकब्राइन ने 109 रन पर छह विकेट झटककर बांग्लादेश को 500 रन से पहले ही रोक दिया। लेकिन ताइजुल इस्लाम ने दोनों पारियों में 76 और 94 रन देकर चार चार विकेट झटके। इससे वह 250 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बन गए। आयरलैंड की टीम पहली पारी में 265 रन पर सिमट गई। लेकिन बांग्लादेश ने फॉलो-ऑन नहीं दिया। दूसरी पारी में शादमान इस्लाम (78) और महमूदुल हसन जॉय (60) ने मिलकर 119 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद मोमिनुल हक ने 87 रन बनाए जिससे बांग्लादेश ने चार विकेट पर 297 रन पर पारी घोषित कर दी। अब आयरलैंड को जीत के लिए 509 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। आयरलैंड की जोड़ी हैरी टेक्टर (50) और कर्टिस कैंपर (नाबाद 71 रन) ने डटे रहकर मैच को पांचवें दिन तक पहुंचाया। लेकिन उसकी दूसरी पारी 291 रन पर खत्म हुई। बांग्लादेश ने पहला मैच पारी और 47 रन से जीता था। दोनों टीमें अब 29 नवंबर से चटगांव में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेंगी।

## पिता को दिल का दौरा पड़ने से स्मृति मंधाना की शादी टली

इंदौर। भारतीय महिला क्रिकेर स्मृति मंधाना के पिता को दिल का दौरा पड़ने से स्मृति और उनके मंगेतर पलाश मुच्छल की शादी टल गई है। सांगली में मंधाना के फॉर्म हाउस पर शादी समारोह चल रहा था। इसी बीच ही मंधाना के पिता श्रीनिवास मंधाना को दिल का दौरा पड़ गया जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनका ईलाज जारी है। वहीं मंधाना के बिजनेस मैनेजर तुहिन मिश्रा ने उनके पिता के हार्ट अटैक की पुष्टि की है। वहीं शुरुआत में कहा जा रहा था कि शादी में आए किसी मेहमान को दौरा पड़ा है पर बाद में पता चला कि मंधाना के पिता की ही तबियता खराब थी। तुहिन ने मंधाना के पिता की तबीयत को लेकर कहा, 'आज सुबह नाश्ता करते समय मंधाना के पिता की तबीयत खराब हो गई। हमने थोड़ी देर इंतजार किया, लेकिन जब लगा कि हालत बिगड़ती जा रही है तो लिए एम्बुलेंस बुलाई और उन्हें अस्पताल ले गए. अभी वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'स्मृति अपने पिता के बहुत करीब हैं। दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्होंने फैसला किया कि जब तक उनके पिता ठीक नहीं हो जाते तब तक यह शादी स्थगित रहेगी।'

## गिल टी20आई सीरीज से हो सकते हैं बाहर, वनडे में इस खिलाड़ी को मिलेगी कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के लिए एक बड़ी चिंता उभरकर सामने आई है, क्योंकि युवा स्टार बल्लेबाज़ शुभमन गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज में खेल पाने की उम्मीद अब बेहद कम हो गई है। ईडन गार्डन्स टेस्ट के दौरान हुई गर्दन की गंभीर ऐंठन के बाद गिल को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था, जिसके बाद उनकी चोट पहले से अधिक गंभीर पाई गई। अब खबरें साफ इशारा कर रही हैं कि गिल दिसंबर की टी20आई सीरीज में भी वापसी नहीं कर पाएंगे और नई रिपोर्ट्स के मुताबिक वे अब अगले साल ही मैदान पर लौट सकते हैं।

### गिल की गर्दन की चोट उम्मीद से ज्यादा गंभीर

कोलकाता में पहले टेस्ट के दौरान शुभमन गिल को अचानक गर्दन में तेज़ दर्द और अकड़न महसूस हुई, जिसके चलते उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया और बाद में अस्पताल में भर्ती किया गया। शुरुआती अंदाज़े में इसे मामूली ऐंठन माना जा रहा था, लेकिन स्कैन रिपोर्ट्स ने चोट को अधिक गंभीर बताया। इसी कारण गिल को टेस्ट टीम से औपचारिक रूप से रिलीज़ कर दिया गया, और अनुमान लगाया गया कि वे व्हाइट-बॉल सीरीज से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे। लेकिन ताज़ा रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐसा होना अब मुश्किल है।

### दक्षिण अफ्रीका टी20आई सीरीज में नहीं खेल पाएंगे गिल

द टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 9 दिसंबर से शुरू होने वाली टी20आई सीरीज में गिल का खेलना लगभग असंभव माना जा रहा है। गिल को लगातार इंजेक्शन लग रहे हैं, वे नियमित रूप से स्पाइनल कंसल्टेंट्स के संपर्क में हैं, चोट की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल टीम और चयनकर्ता कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, इसलिए, टीम मैनेजमेंट चाहता है कि गिल जल्दबाज़ी में वापसी न करें, ताकि लंबे समय तक चलने वाली चोट का खतरा न बढ़े। माना जा रहा है कि गिल अब अगले वर्ष ही मैदान पर लौटेंगे।

### ODI सीरीज की कप्तानी को लेकर चयनकर्ताओं की चुनौती

गिल के बाहर होने से चयनकर्ताओं के सामने नई मुश्किल खड़ी हो गई है, साउथ अफ्रीका के खिलाफ ODI टीम का कप्तान कौन होगा? इसी बीच, श्रेयस अय्यर भी ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान लगी स्प्लीन इंजरी से अभी पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। ऐसे में भारत को एक भरोसेमंद कप्तान की ज़रूरत है जो टीम को संभाल सके और गिल-अय्यर की गैर-मौजूदगी में स्थिरता ला सके।

### केएल राहुल की कप्तान के रूप में वापसी लगभग तय

सूत्रों के अनुसार, केएल राहुल की ODI कप्तान के रूप में वापसी अब लगभग पक्की मानी जा रही है। भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका ODI सीरीज 30 नवंबर से शुरू होगी राहुल इससे पहले भी 12 ODI में टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं। उनका पहला कप्तानी असाइनमेंट जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ही था। दिलचस्प बात यह है कि राहुल की पिछली ODI कप्तानी भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ थी, और अब दो साल बाद वे फिर उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ही कप्तान की भूमिका में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।



### टीम इंडिया के लिए आगे की राह

गिल की चोट और प्रयोगात्मक कप्तानी से टीम की बल्लेबाज़ी बैलेंस पर असर पड़ सकता है। हालांकि, टीम मैनेजमेंट उम्मीद कर रहा है कि दिसंबर सीरीज तक नए चेहरे, अनुभवी खिलाड़ियों के साथ मिलकर संतुलित प्रदर्शन करें। टीम को अब गिल की फिटनेस से ज्यादा उनके दीर्घकालिक करियर को सुरक्षित रखना है, इसलिए यह ब्रेक भविष्य के लिए आवश्यक माना जा रहा है।

## नम्बर 8 पर आए ईनान की शतकीय पारी, भारत ए अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल के करीब

बेंगलुरु। आठवें क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आए हरफनमौला मोहम्मद ईनान की नाबाद शतकीय पारी के दम पर भारत ए अंडर-19 ने रविवार को यहां भारत बी अंडर-19 को 26 रन से हराकर तीन देशों की श्रृंखला के फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। लेग स्पिन गेंदबाजी करने वाले केरल के इस युवा खिलाड़ी ने 74 गेंदों में 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 105 रनों की पारी खेली। उनकी इस पारी से भारत ए अंडर-19 ने 18 ओवर में 68 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद के सात विकेट पर 267 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। ईनान ने छठे विकेट के लिए खिलान पटेल (37) के साथ 34 रन की साझेदारी करने के बाद अनमोलजीत सिंह (नाबाद 30) के साथ सातवें विकेट के लिए 135 रन की अटूट साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत बी अंड-19 की टीम 47.2 ओवर में 243 रन पर आउट हो गयी। आदित्य रावत (34 रन पर चार विकेट) और मोहम्मद मलिक (49 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने भारत बी की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। भारत बी के लिए विकेटकीपर हरवंश पंगालिया ने 113 गेंद में 99 रन की पारी खेली। उन्होंने जगनाथन हेमचूडशन (45) के साथ छठे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज अमव बग्गा ने भी 49 रन का योगदान दिया। टूर्नामेंट में लगातार तीसरी हार के साथ भारत बी की टीम फाइनल में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर हो गयी है।

अगले हफ्ते ये दो बड़ी कंपनियां निवेशकों को बांटेगी बोनस

# एचडीएफसी एएमसी और थायरोकेयर टेक्नोलॉजीज दे रही मुफ्त शेयर

**नई दिल्ली**

शेयर बाजार में निवेशकों के लिए अगले सप्ताह एक खास मौका आ रहा है। कंपनियां अपने मौजूदा शेयरधारकों को बोनस शेयर देंगी, यानी बिना किसी अतिरिक्त निवेश के उन्हें नए शेयर मिलेंगे। इससे शेयरधारकों की हिस्सेदारी बढ़ती है और पोर्टफोलियो में सुधार होता है। हालांकि, हर शेयर का मूल्य एडजस्ट हो जाएगा। एचडीएफसी एएमसी अपने शेयरधारकों को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर देगी। इसका मतलब है कि जिनके पास एक शेयर है, उन्हें एक नया शेयर मुफ्त मिलेगा। कंपनी का एक्स डेट और रिकॉर्ड डेट 26 नवंबर 2025 तय किया गया है। इस दिन या इससे पहले शेयर खरीदने वाले निवेशक बोनस पाने के योग्य होंगे। थायरोकेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड अपने निर्धारित है। यह कदम कंपनी की बढ़ती सफलता और शेयरधारकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बोनस इश्यू से निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़ती है, बाजार में लिक्विडिटी बेहतर होती है और लंबी अवधि की निवेश रणनीति मजबूत होती है। छोटे निवेशकों के लिए यह अवसर खास तौर पर लाभकारी है, क्योंकि वे बिना अतिरिक्त निवेश के अपने शेयर बढ़ा सकते हैं।



# रेलवे ने पार किया 1 अरब टन माल ढुलाई का आंकड़ा

**- यह रिकॉर्ड पिछले वर्षों की तुलना में उच्च प्रदर्शन और बढ़ती मांग का संकेत है**

**नई दिल्ली ।**

भारत की आर्थिक रीढ़ मानी जाने वाली रेलवे की माल ढुलाई 2025-26 में 19 नवंबर तक 102 करोड़ टन पार कर गई। यह रिकॉर्ड पिछले वर्षों की तुलना में उच्च प्रदर्शन और बढ़ती मांग का संकेत है। सबसे बड़ा योगदान कोयला (50.5 करोड़ टन) का रहा। इसके बाद लौह अयस्क 11.5 करोड़ टन, सीमेंट 9.2 करोड़ टन, कंटेनर व्यापार 5.9 करोड़ टन, कच्चा लोहा और तैयार इस्पात 4.7 करोड़ टन, उर्वरक 4.2 करोड़ टन, खनिज तेल 3.2 करोड़ टन, खाद्यान्न 3 करोड़ टन और अन्य माल 7.4 करोड़ टन रहा। रेल मंत्रालय के अनुसार, दैनिक माल ढुलाई 44 लाख टन रही, जो पिछले वर्ष के 42 लाख टन से अधिक है। यह बेहतर संचालन दक्षता और लगातार मांग को दर्शाता है। यह उपलब्धि भारतीय उद्योगों, निर्माण और ऊर्जा क्षेत्रों की मजबूती को दर्शाती है।




# रोल्स-रॉयस का भारत में निजी क्षेत्र पावर सिस्टम कारोबार बढ़ेगा

**- 2026-27 तक 60 फीसदी हिस्सेदारी की उम्मीद**




**नई दिल्ली ।**

बहुराष्ट्रीय एयरोस्पेस और पावर सिस्टम कंपनी रोल्स-रॉयस ने कहा है कि 2026-27 तक उसका भारत में निजी क्षेत्र का पावर सिस्टम कारोबार सरकारी आपूर्ति से अधिक हो जाएगा। कंपनी अपने उत्पाद और समाधान एमटीयू ब्रांड के तहत बेचती है, जिसमें डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर साइट, फैक्ट्रियां और अन्य संस्थागत बैकअप पावर तैनाती शामिल हैं। रोल्स-रॉयस के अनुसार, पहले भारत में कारोबार का लगभग 70 फीसदी हिस्सा सरकारी क्षेत्रों (नौसेना, थल सेना, खनन और अस्पतालों) से आता था और 30 फीसदी निजी क्षेत्र से। अब यह अनुपात लगभग 50-50 प्रतिशत हो गया है। कंपनी का मानना है कि आने वाले वर्षों में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी और बढ़ेगी और 2026-27 तक यह 60 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

रोल्स-रॉयस ने निजी क्षेत्र के तीन मुख्य स्तंभों की पहचान की है -

**1.डेटा सेंटर: तेजी से** बढ़ती मांग के साथ बड़ा अवसर।

**2. गैस इंजन:** औद्योगिक और व्यावसायिक उपयोग के लिए।

**3. सेमीकंडक्टर निर्माण:** निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए समाधान।

कंपनी भारत में 25 साल से अधिक समय से सक्रिय है। वर्तमान में 2,600 से अधिक एमटीयू इंजन और जेनसेट नौसेना, थल सेना, खनन और बिजली क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं।

# अमेरिकी कोर्ट ने बायजू के फाउंडर पर 1 अरब डॉलर की डिफॉल्ट जजमेंट जारी की

**1,073,647,109.29 डॉलर चुकाने का आदेश दिया**




**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी डेलावेयर बैंकरप्सी कोर्ट ने बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन के खिलाफ डिफॉल्ट जजमेंट जारी करते हुए उन्हें 1,073,647,109.29 डॉलर चुकाने का आदेश दिया है। यह मामला बायजू की अमेरिकी कंपनी बायजू अल्फा और अमेरिकी लेंडर जीएलएएस ट्रस्ट कंपनी एलआईसी की याचिका से जुड़ा है। बायजू रवींद्रन के नेतृत्व में टीएलपीएल ने अमेरिकी लेंडर्स से 1 बिलियन डॉलर का टर्म लोन बी लिया था।

बाद में आरोप लगे कि बायजू अल्फा ने लोन की शर्तों का उल्लंघन किया और 533 मिलियन डॉलर अवैध रूप से अमेरिका से बाहर ट्रांसफर किए। जीएलएएस ट्रस्ट ने डेलावेयर कोर्ट में केस दायर किया और बायजू अल्फा पर नियंत्रण हासिल किया। डेलावेयर बैंकरप्सी कोर्ट ने पाया कि रवींद्रन डिस्कवरी ऑर्डर का पालन नहीं कर रहे थे और कई बार जानकारी देने से बचते रहे। पहले ही उन्हें प्रतिदिन 10,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया था, जिसे उन्होंने अदा नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि रवींद्रन विदेश में रहते हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि वे कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करना चाहते।

कोर्ट ने रवींद्रन को बायजू अल्फा से जुड़े सभी फंड्स और उनके ट्रांसफर की पूरी जानकारी देने का आदेश दिया। इसमें कम्सहाफ एलपी इंट्रेस्ट जैसे एसेट्स और उनसे जुड़े हर लेन-देन की जानकारी शामिल है। कोर्ट ने सख्त शब्दों में कहा कि केवल आर्थिक दंड पर्याप्त नहीं है, इसलिए डिफॉल्ट जजमेंट जैसी कठोर कार्रवाई जरूरी थी।

# सेंसेक्स की टॉप सात कंप नियों का मार्केट कैप बढ़कर 1.28 लाख करोड़ हुआ

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज नंबर वन पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

पिछले हफ्ते शेयर बाजार में अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली। इस रफ्तार का फायदा देश की टॉप 10 कंपनियों में से 7 कंपनियों को हुआ, जिनका बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बढ़कर करीब 1.28 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। हालांकि, तीन दिग्गज कंपनियों को घाटा भी उठाना पड़ा। निवेशक और विशेषज्ञ अब अगले हफ्ते के रुझानों पर नजर रखे हुए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा फायदा हुआ, इसके बाजार पूंजीकरण में 36,673 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई। भारती एयरटेल का सिर्फ एक हफ्ते में मार्केट कैप 36,579 करोड़ बढ़ गया, आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनी इन्फोसिस ने 17,490 करोड़ रुपए की बढ़त दर्ज की। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण में 16,299 करोड़ की वृद्धि हुई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 14,608 करोड़ पहुंच गया। एसबीआई और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण में क्रमशः 4,846 करोड़ और 1,786 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। इसके विपरीत बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में 8,245 करोड़ रुपए की गिरावट देखी गई। वहीं एलआईसी का बाजार पूंजीकरण घटकर 4,522 करोड़ और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण घटकर 1,248 करोड़ रहा। शीर्ष 10 कंपे नियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज का स्थान नंवर बन पर बरकरार रहा। एचडीएफसी बैंक दूसरे और भारतीय एयरटेल तीसरे नंबर पर रही।



# भारत, इजरायल प्रस्तावित एफटीए को दो चरणों में लागू करेंगे

**भारत-इजरायल मुक्त व्यापार समझौते पर दो चरणों में होगा विचार**

**जेरुशलम ।** भारत और इजरायल ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता शुरू करने के लिए टीओआर पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। इस टीओआर में माल के लिए बाजार पहुंच, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करना, निवेश सुगम बनाना और सेवा व्यापार को बढ़ावा देना शामिल है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि समझौते को दो चरणों में लागू करने पर विचार किया जा रहा है। पहला चरण जल्दी पूरा कर, व्यापारिक समुदाय को शीघ्र लाभ पहुंचाना प्राथमिकता होगी। संवेदनशील मुद्दों को अभी नहीं छुआ जाएगा। दोनों देश आरएंडडी और नवाचार के माध्यम से संयुक्त परियोजनाओं पर काम करेंगे। इजरायल अपनी विशेषज्ञता साझा करेगा और भारत अपने बड़े बाजार का लाभ उठाएगा। गोयल 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व में इजरायल में हैं।




# एफपीआई ने इस महीने भारतीय पूंजी बाजार में 3,504 करोड़ का निवेश किया

**- अक्टूबर में भी एफपीआई ने कुल 35,246 करोड़ रुपए का निवेश किया था**

**मुंबई ।** पिछले कुछ महीनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) का व्यवहार उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन नवंबर में स्थिति थोड़ी अलग दिखी। इस महीने उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार में कुल 3,504 करोड़ रुपए का नेट निवेश किया। हालांकि, इक्विटी से शुद्ध बिकवाली 3,788 करोड़ रुपए रही, लेकिन डेट, म्यूचुअल फंड और हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स में उनकी खरीदारी बढ़ी। डेट मार्केट में उन्होंने 4,467 करोड़, म्यूचुअल फंड्स में 2,713 करोड़ और हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स में 112 करोड़ का निवेश किया। इसका मतलब यह है कि विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में पूरी तरह से बाहर नहीं हुए हैं, बल्कि जोखिम भरे हिस्सों से बचते हुए सुरक्षित निवेश कर रहे हैं। अक्टूबर में भी एफपीआई का मूड अच्छा रहा। उन्होंने कुल 35,246 करोड़ रुपए का निवेश किया। इससे पहले जून से सितंबर तक लगातार चार महीने विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की थी। इस लिहाज से अक्टूबर-नवंबर दो महीने से निवेश का रुझान लौटता हुआ दिखाई दे रहा है। साल 2024 की पूरी स्थिति देखें तो अब तक एफपीआई की कुल पोजिशन निगेटिव है। भारतीय बाजारों से उन्होंने 45,861 करोड़ रुपए की शुद्ध बिकवाली की है। इसमें इक्विटी से 1,37,516 करोड़, डेट में 87,083 करोड़ का निवेश और म्यूचुअल फंड्स में 2,716 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है। नवंबर की गतिविधियों से संकेत मिलता है कि विदेशी निवेशक अब भी भारतीय बाजार के प्रति सावधानी बरत रहे हैं। वे इक्विटी में उतार-चढ़ाव से बचते हुए डेट और म्यूचुअल फंड में भरोसा दिखा रहे हैं। आने वाले हफ्तों में एफपीआई के निवेश का रुझान और स्पष्ट होगा।

# इस सप्ताह अस्थिर रह सकता है घरेलू शेयर बाजार

**- वैश्विक कारकों पर रहेगी निवेशकों की नजर**

**मुंबई ।** बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों ने तेजी और गिरावट के मिश्रित रुझान दिखाए। सोमवार को बाजार में शुरुआती तेजी रही, लेकिन अगले ही दिन गिरावट देखने को मिली। मंगलवार और शुक्रवार को फिर तेजी दर्ज हुई, जिससे बीएसई का सेंसेक्स और निफ्टी-50 इस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। हालांकि अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बाजार में गिरावट दर्ज की गई। निवेशक अब इस सप्ताह वैश्विक कारकों और रुपये की चाल पर नजर रखेंगे, क्योंकि बीते सप्ताह रुपये में 1 फीसदी से अधिक की गिरावट आई थी। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार अस्थिर रह सकता है। रुपये की कमजोरी से आयातित महंगाई बढ़ सकती है, जो कंपनियों के मुनाफे पर दबाव डाल सकती है। वहीं वैश्विक बाजारों की दिशा और तेल-सोना जैसे कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी घरेलू बाजार की चाल को प्रभावित कर सकता है। इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी जारी होंगे, लेकिन शुक्रवार शाम को आने के कारण उनका असर अगले सप्ताह ही दिखाई देगा। निवेशक इन आंकड़ों के आधार पर लंबी अवधि के निवेश और पोर्टफोलियो समायोजन कर सकते हैं।



# इंडिगो 22 दिसंबर से सेंसेक्स में होगी शामिल

**- इंटरग्लोब एविएशन करेगा 7,270 करोड़ का निवेश**

**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड 22 दिसंबर से बीएसई के 30 शेयरों वाले प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में शामिल हो जाएगी। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने सूचकांकों के पुनर्गठन की घोषणा करते हुए बताया कि इस बदलाव के साथ टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड को सेंसेक्स से बाहर कर दिया जाएगा। यह परिवर्तन सोमवार यानी 22 दिसंबर को बाजार खुलते ही प्रभावी हो जाएगा। सूचना के बाद शनिवार को इंडिगो का शेयर 0.92 फीसदी की बढ़त के साथ 5,840.25 रुपये पर बंद हुआ। बीएसई ने अन्य इंडेक्स में भी बदलाव किए हैं। बीएसई 100 सूचकांक में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को शामिल किया गया है, जो अडानी ग्रीन एनर्जी की जगह लेगा। इसके अलावा बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 50 में मैक्स हेल्थकेयर को जोड़ा जाएगा, जबकि इंडसइंड बैंक को इस सूचकांक से हटा दिया गया है। विश्लेषकों का मानना है कि इन बदलावों से संबंधित शेयरों में निवेशकों का रुझान बढ़ सकता है। इंडिगो ने विमान अधिग्रहण को तेज करने के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इंटरग्लोब एविएशन फाइनेंशियल सर्विसेज आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड में 82 करोड़ डॉलर यानी लगभग 7,270 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बताया कि यह निवेश शेयरों और 0.01 फीसदी गैर-संचयी वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय प्रतिदेय तरजही शेयर के संयोजन में एक या अधिक किस्तों में किया जाएगा। इस पूंजी का उपयोग मुख्य रूप से विमान और विमानन परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए किया जाएगा, ताकि कंपनी अधिक विमान अपनी प्रत्यक्ष स्वामित्व में ले सके। विमान ट्रैकिंग वेबसाइट प्लेनस्पॉटर के अनुसार, 21 नवंबर तक इंडिगो के बेड़े में कुल 411 विमान हैं, जिनमें से 365 परिचालन में हैं जबकि 46 ग्राउंडेड हैं। पारंपरिक रूप से लीजिंग मॉडल पर संचालन करने वाली इंडिगो ने 12 अक्टूबर 2023 को आईएफएससी इकाई बनाई थी, जो अब विमान खरीदने और उन्हें इंडिगो को ही लीज पर देने का काम करती है। यह कदम कंपनी की दीर्घकालिक लागत रणनीति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।




# यूफ्लेक्स धारवाड़ में पैकेजिंग फिल्म क्षमता बढ़ाने 700 करोड़ निवेश करेगी

**- 54,000 टन प्रति वर्ष नई क्षमता जोड़ने से वैश्विक उत्पादन बढ़कर 6,90,160 टन होगा**

**नई दिल्ली ।** फ्लेक्सिबल पैकेजिंग कंपनी यूफ्लेक्स लिमिटेड कर्नाटक के धारवाड़ में अपने संयंत्र में पैकेजिंग फिल्म उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, इस निवेश से धारवाड़ संयंत्र में 54,000 टन प्रति वर्ष की नई क्षमता जुड़ जाएगी। यूफ्लेक्स के समूह अध्यक्ष ने बताया कि यह परियोजना कंपनी के वैश्विक पोर्टफोलियो को मजबूत करेगी। निवेश के बाद कंपनी की वैश्विक पैकेजिंग फिल्म क्षमता 6,36,160 टन से बढ़कर 6,90,160 टन प्रति वर्ष हो जाएगी। धारवाड़ में यह विस्तार गुजरात के साणंद में हाल ही में पूरी हुई एसेप्टिक पैकेजिंग क्षमता वृद्धि के बाद हो रहा है। इसके अलावा, मिस्र, मेक्सिको और नोएडा में चल रही रणनीतिक परियोजनाएं भी कंपनी की वैश्विक क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# एसएमएफसीएल ने समुद्री क्षेत्र में 25,000 करोड़ तक फाइनेंसिंग की मंजूरी दी

**नई दिल्ली ।** भारत की पहली समुद्री क्षेत्र की नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएमएफसीएल) ने कुल 25,000 करोड़ रुपये तक कर्ज लेने की मंजूरी दी है। इस वित्त वर्ष (2024-25) में कंपनी 8,000 करोड़ रुपये तुरंत जुटाएगी ताकि लोन देना जल्दी शुरू किया जा सके। एसएमएफसीएल देश की प्रमुख रेटिंग एजेंसियों से संपर्क कर रही है। समुद्री क्षेत्र की मजबूत संभावनाओं और लंबी प्रोजेक्ट लाइन के चलते एपेक्स रेटिंग मिलने की उम्मीद है। अच्छी रेटिंग से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और कर्ज पर ब्याज दर कम होगी। कंपनी का लक्ष्य भारत को दुनिया के बड़े जहाज निर्माण देशों में शामिल करना है। एसएमएफसीएल सरकारी और प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों को शॉर्ट-टर्म, मीडियम-टर्म और लॉन्ग-टर्म लोन देगी। साथ ही, कैश फ्लो और गारंटी जैसी सेवाएं भी प्रदान करेगी।

# तेल-तिलहन बाजार: सरसों और पामोलीन की कीमतें गिरीं

**- सोयाबीन और मूंगफली तेल में मामूली सुधार**

**नई दिल्ली ।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में कीमतों में मिली-जुली चाल रही। सरसों और पामोलीन तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि सोयाबीन और मूंगफली तेल में त्योहारी और जाड़े की मांग के असर से हल्का सुधार देखने को मिला। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव किसानों की आपूर्ति, घरेलू मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थितियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। सरसों के दाम 25 रुपये कम होकर 7,100-7,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। सरसों दादरी तेल 75 रुपये गिरकर 14,675 रुपये और पक्की व कच्ची घानी तेल क्रमशः 2,455-2,555 और 2,455-2,590 रुपये प्रति टिन (15 किलो) पर रहे। बाजार सूत्रों के अनुसार सरसों के ऊंचे भाव के कारण लिवाली अपेक्षा अनुसार नहीं हो रही, जिससे कीमतें गिरीं। सोयाबीन तेल की कीमतों में मामूली सुधार देखने को मिला। दिल्ली और इंदौर में सोयाबीन तेल क्रमशः 13,325 और 13,025 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए, जबकि डीगम तेल 50 रुपये बढ़कर 10,200 रुपये पर पहुंचा। त्योहारी मांग और सरकार की खरीद की उम्मीद से गिरावट सीमित रही। जाड़े की मांग के चलते मूंगफली तिलहन 100 रुपये बढ़कर 6,275-6,650 रुपये प्रति क्विंटल, गुजरात का मूंगफली तेल 250 रुपये बढ़कर 14,750 रुपये और साल्वेंट रिफाइंड तेल 30 रुपये बढ़कर 2,400-2,700 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। सीपीओ तेल 50 रुपये गिरकर 11,250 रुपये, पामोलीन दिल्ली 13,050 रुपये और पामोलीन एक्स कांडला 12,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। बिनौला तेल के दाम भी 100 रुपये कम होकर 12,450 रुपये पर रहे।

# यूनिसन मेटल्स ने की 1:10 शेयर स्प्लिट करने की घोषणा

**- शेयर स्प्लिट का फैसला और रिकॉर्ड डेट तय**

**नई दिल्ली ।** स्टेनलेस स्टील निर्माता यूनिसन मेटल्स लिमिटेड ने अपने शेयरों को 1:10 के रेशियो में स्प्लिट करने का बड़ा फैसला लिया है। यानी, अब जो शेयर 10 रुपए फेस वैल्यू के थे, उन्हें 10 नए शेयरों में बांट दिया जाएगा, प्रत्येक का फेस वैल्यू केवल 1 रुपए होगा। यह प्रस्ताव 29 सितंबर 2025 को हुई वार्षिक आम बैठक में शेयरहोल्डर्स द्वारा पास किया गया। कंपनी ने रिकॉर्ड डेट 28 नवंबर तय की है। इस तारीख तक जिनके पास शेयर होंगे, उन्हें पुराने शेयरों के बदले नए शेयर मिल जाएंगे। शेयर स्प्लिट के बावजूद निवेशकों की कुल राशि में कोई बदलाव नहीं होगा। केवल शेयरों की संख्या 10 गुना बढ़ जाएगी और कीमत अपने आप एडजस्ट हो जाएगी। उदाहरण के लिए, यदि किसी निवेशक के पास 100 शेयर थे, तो स्प्लिट के बाद उन्हें 1000 नए शेयर मिलेंगे। इस कदम का उद्देश्य छोटे निवेशकों के लिए शेयर खरीदना आसान बनाना और बाजार में लिक्विडिटी बढ़ाना है। यूनिसन मेटल्स यूसीएम ग्रुप का हिस्सा है और यह हॉट-कोल्ड रोल्ड स्टेनलेस स्टील शीट्स, किचनवेयर, बर्तन-कटलरी और स्टोरेज टैंक्स बनाती है। कंपनी ने यूनाइटेड नेशंस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के साथ विभिन्न प्रोडक्ट्स में कोलैबोरेशन के लिए भी नामांकित किया गया है।



# आगामी शो 'मिसेज देशपांडे' में दिलचस्प किरदार में नजर आएंगी माधुरी दीक्षित

माधुरी दीक्षित इन दिनों अपने आगामी शो 'मिसेज देशपांडे' को लेकर चर्चाओं में हैं। माधुरी इस शो में एक अलग और दिलचस्प किरदार में नजर आएंगी। शो से माधुरी का फर्स्ट लुक सामने आया है। इसके सामने आने के बाद फैंस इस शो के लिए और भी उत्साहित हो गए हैं।

जारी हुए इस फर्स्ट लुक में माधुरी अपना मेकअप और गहने उतारती हुई दिखाई दे रही हैं। अगले ही फ्रेम में उनका एक कच्चा, अनफिल्टर्ड रूप सामने आ रहा है। अगले शॉट से संकेत मिलता है कि कुछ गंभीर हुआ है क्योंकि वह सलाखों के पीछे दिखाई दे रही हैं। हालांकि, अब तक मेकर्स ने शो के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया है। लेकिन पहला लुक माधुरी के प्रशंसकों को उत्साहित करने के लिए काफी है। इस फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए हॉटस्टार ने कैप्शन में लिखा, 'एक ऐसा मोड़ जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी।'

अपने पहले लुक में ही माधुरी के अलग-अलग एक्सप्रेशन देखने को मिल रहे हैं। पहली झलक को देखकर ऐसी उम्मीद की जा रही है कि माधुरी इंटेंस किरदार में नजर आएंगी। बात करें शो की तो नागेश कुकुनूर द्वारा निर्देशित इस शो को अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने कुकुनूर मूवीज के सहयोग से निर्मित किया है। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

माधुरी दीक्षित हाल ही में कनाडा, टोरंटो, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, ह्यूस्टन, शिकागो और बोस्टन सहित 6 शहरों में फैले एक वर्ल्ड टूर पर थीं। यहां कई जगह लेट होने की वजह से उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था।



# मस्ती 4 में साथ में काम करना सपने के सच होने जैसा




फिल्मी दुनिया में जब कोई नया कलाकार किसी बड़ी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनता है, तो उसके लिए यह सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं होता, बल्कि एक बड़ा मौका होता है, अपने हुनर को दिखाने का, लोगों तक अपनी पहचान पहुंचाने का और उन सितारों के साथ काम करने का, जिन्हें वे सालों से पर्दे पर देखते आए हैं। कुछ ऐसा ही अनुभव एक्ट्रेस रुही सिंह का भी रहा, जिन्होंने आने वाली फिल्म मस्ती 4 में कई मशहूर अभिनेताओं के साथ काम किया है। यह फिल्म पहले से चर्चित मस्ती फ्रेंचाइजी का हिस्सा है, जिसकी वजह से लोगों में पहले ही काफी उत्साह है। रुही के लिए यह फिल्म सिर्फ एक कॉमेडी नहीं, बल्कि कुछ नया सीखने का मौका भी है।

इंटरव्यू में रुही सिंह ने बताया कि मस्ती 4 की शूटिंग उनके लिए एक खास सफर था। फिल्म में उनके साथ बॉलीवुड के जाने-माने नाम आफताब शिवदासानी, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और अरशद वारसी जुड़े हुए हैं। उनके साथ स्क्रीन शेयर करना शानदार अनुभव रहा।

रुही सिंह ने कहा, हर अभिनेता अपनी एक अलग ऊर्जा लाता है, और यह फिल्म मेरे लिए सीखने का एक बेहतरीन मौका बनी। इस फ्रेंचाइजी की लोकप्रियता और कलाकारों की टीम ने मुझे अधिक मेहनत करने की प्रेरणा दी। फिल्म में रुही की जोड़ी अभिनेता आफताब शिवदासानी के साथ है।

आफताब के साथ काम करने को लेकर उन्होंने कहा, वह बहुत ही विनम्र और सादगी भरे इंसान हैं। मेरे परिवार के सभी सदस्य और दोस्त आफताब को पहले से पसंद करते आए हैं, इसलिए उनके साथ काम करने का मौका मिलना किसी सपने के सच होने जैसा है।

इसके बाद उन्होंने बाकी कलाकारों की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, रितेश देशमुख कमाल के अभिनेता हैं, जिनकी कॉमिक टाइमिंग और नेचुरल एक्टिंग सभी को प्रभावित करती है। विवेक ओबेरॉय के बारे में उन्होंने कहा कि स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी यादगार होती है और वे हर किरदार में गहराई जोड़ते हैं। इंटरव्यू के दौरान जब आईएएनएस ने उनसे पूछा कि इतने बड़े स्टारकास्ट वाली फिल्म में क्या उन्होंने अपने रोल को लेकर कभी चिंता की, इस पर रुही ने जवाब देते हुए कहा, मेरे लिए भूमिका छोटी या बड़ी होने का कोई मतलब नहीं है। अगर किरदार को ईमानदारी से निभाया जाए तो वह अपने आप दर्शकों पर प्रभाव छोड़ता है। मैं इस फिल्म का हिस्सा इसलिए बनना चाहती थी क्योंकि यह एक बड़े स्तर की फिल्म है, जिसे देखने लाखों लोग आएंगे, और मैं चाहती थी कि उन दर्शकों के बीच मेरा चेहरा और नाम पहचाना जाए। उन्होंने बताया कि अपने रोल को लेकर वे पूरी तरह खुश हैं और उन्होंने उस पर बहुत मेहनत भी की है। मस्ती 4 में रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय, आफताब शिवदासानी, तुषार कपूर, एलनाज नौरोजी, शाद रंधावा और अन्य कलाकार शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी ने किया है।



# दीपिका को अपने फैसलों पर है पछतावा!

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे कामयाब अभिनेत्रियों में शामिल हैं। अपने 18 साल के करियर में दीपिका पादुकोण ने अब तक कई कामयाब फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत फिल्म ओम शांति ओम से की और वह पैन इंडिया ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 ए.डी. में नजर आईं। हालांकि, उनकी कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं। हाल ही में दीपिका ने एक इंटरव्यू में माना कि कई बार उन्होंने गलत फैसले भी लिए हैं, जिसका उन्हें पछतावा है।

बातचीत में दीपिका ने बताया कि वह फिल्म चुनते वक्त किन बातों का ध्यान देती हैं। दीपिका ने बताया सबसे बड़ी चीज प्रमाणिकता है। जो भी चीज सच्ची नहीं लगती, वह मुझे रास नहीं आती। कभी-कभी लोग बहुत सारा पैसा देते हैं और सोचते हैं कि इससे सब कुछ हो जाएगा लेकिन वह काफी नहीं होता। मुझे लोगों या संदेश पर यकीन है और मैं उस पर कायम रहूंगी। दीपिका ने माना कि वह अपने विचार को लेकर इतनी स्पष्ट नहीं थीं। उन्होंने कहा क्या मैं हमेशा से चीजों को लेकर इतनी स्पष्ट थी? शायद नहीं। हालांकि अब मैं उस स्पष्टता तक पहुंच गई हूं। क्या मैं कभी-कभी पीछे मुड़कर सोचती हूं कि मैं क्या सोच रही थी? जी हां मैं सोचती हूं। इससे मैं सीखती हूं। शायद आज से 10 साल बाद, मैं आज के कुछ फैसलों पर सवाल उठाऊंगी जो फैसले अभी मुझे सही लगते हैं।

दीपिका की फिलहाल दो फिल्में पाइपलाइन में हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म किंग में वह एक सहायक भूमिका में हैं। इसमें सुहाना खान, अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी जैसे कलाकार होंगे।

# अली अब्बास जफर की फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे बनेंगे विलेन

फिल्म इंडस्ट्री में नए चेहरों का आना हमेशा से दर्शकों का उत्साह बढ़ाता है, खासकर तब जब उन्हें बड़े स्तर की फिल्मों में मौका मिल रहा हो। इस कड़ी में इन दिनों फिल्म निर्देशक अली अब्बास जफर की आगामी एक्शन-रोमांस ड्रामा फिल्म की चर्चा खूब हो रही है, क्योंकि इसमें शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के पोते ऐश्वर्य ठाकरे विलेन के तौर पर नजर आने वाले हैं। यह खबर सामने आते ही फिल्म को लेकर दर्शकों में दिलचस्पी और भी बढ़ गई है। इस फिल्म में सैयारा फेम अहान पांडे और मुंज्या फेम शरवरी वाघ हैं। इस फिल्म के बारे में आईएएनएस के एक करीबी सूत्र ने बताया, अली अब्बास जफर बड़े स्तर के एक्शन और भावनाओं से भरी कहानियां बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों सुल्तान और टाइगर जिंदा है ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचा था। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस फिल्म में भी वह उसी दमदार निर्देशन का प्रदर्शन करेंगे।





# अहान की गर्लफ्रेंड नहीं हैं अनीत

अहान पांडे और अनीत पड्डा को लेकर बातें चल रही हैं कि दोनों का रिश्ता रोमांटिक है और वे रिलेशनशिप में हैं लेकिन अहान पांडे ने अब इस बात को लेकर चुप्पी तोड़ी है और कहा कि अनीत उनकी गर्लफ्रेंड नहीं हैं। अहान ने सारी बातों से पर्दा हटा दिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा ने भले ही इसी साल बॉलीवुड में कदम रखा हो, लेकिन उनकी जोड़ी को लेकर जो चर्चा है, वह पुराने स्टार्स जैसी ही है। उनकी पहली फिल्म सैयारा ने तुरंत ही लोगों के दिलों में खास जगह बना लिया। उनके फैन एडिट रातोंरात वायरल हो गए, गपशप के पन्नों ने उन्हें इंडस्ट्री का अगला इट कपल घोषित कर दिया और सोशल मीडिया ने मानो उनके बीच रोमांस को जन्म दे दिया हो। इन अटकलों को और हवा तब मिली जब करण जौहर ने हिंट दिया कि ये दोनों नए कपल बन सकते हैं। लेकिन अहान पांडे ने अब सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। हाल ही में त्र एक इंटरव्यू में, अहान पांडे ने रिश्ते पर सीधे तौर पर बात की। उन्होंने क्लियर किया कि उनके और अनीत के बीच का रिश्ता गहरा तो है, लेकिन यह रोमांटिक नहीं है। उन्होंने कई महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा, अनीत मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। पूरा इंटरनेट सोचता है कि हम साथ हैं, लेकिन हम साथ नहीं हैं।

## अहान और अनीत की केमेस्ट्री

उन्होंने बताया कि पर्दे पर उनके बीच जो सहजता है, वह रोमांस से नहीं, बल्कि इमोशनल सिक्योरिटी और आपसी समझ से आती है। उन्होंने कहा, केमिस्ट्री हमेशा रोमांटिक नहीं होती - यह सहजता, सुरक्षा और लोगों की नजरों में आने के बारे में है। हम दोनों ने एक-दूसरे को यह एहसास दिलाया है। भले ही वह मेरी गर्लफ्रेंड नहीं है, फिर भी अनीत के साथ मेरा रिश्ता जैसा है वो किसी के साथ नहीं होगा।





# फिल्म एक टीम वर्क होता है और मैं इसका एक छोटा-सा हिस्सा हूं

**दारा सिंह और मुमताज जैसे जाने-माने कलाकारों से ताल्लुक रखने वाले अभिनेता शाद रंधावा ने अपना रास्ता खुद अख्तियार किया। वो लम्हे से अपने करियर का आगाज करने वाले शाद के दो दशक के करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे, मगर इस साल उनके किस्मत का सितारा खूब चमका। सैयारा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म के बाद इन दिनों दीवानियत जैसी 100 करोड़ के क्लब में एंट्री ले चुकी फिल्मों में सावंत के रोल से लोकप्रिय हुए शाद अपने सफर की बात करते हैं।**

शाद रंधावा फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वे अपनी पृष्ठभूमि के बारे में बताते हैं, मैं 6-7 साल की उम्र का रहा होऊंगा और अभिनय में तभी से मेरी काफी रुचि थी। स्कूल के नाटकों में भाग लेता था। मेरी मम्मी भी एक जमाने में ऐक्ट्रेस थीं और पिता पहलवानी के साथ-साथ अभिनय भी किया करते थे। दारा सिंह मेरे अंकल और मुमताज मेरी मौसी हैं। जब मैंने अपने परिवार को अपने एक्टर बनने की ख्वाहिश बताई, तो सभी ने कहा कि ये आपकी अपनी जर्नी है। हम आपको भावनात्मक रूप से तो सपोर्ट करेंगे, मगर अपना काम आपको खुद ढूंढना होगा।

**भट्ट साहब के ऑफिस के खूब चक्कर लगाता था**

मेरे ताया (दारा सिंह) हों या मेरे पिता रंधावा, सभी बहुत विनम्र बैकग्राउंड से हैं अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वे कहते हैं, चाहे वो मेरी मम्मी (मल्लिका अस्करी) हों या मुमताज आंटी, सभी ने अपना रास्ता खुद बनाया, तो मैंने अभिनय में आने से पहले रोशन तनेजा के यहां एक्टिंग क्लासेज कीं। साथ-साथ में मैं नाटक तो करता ही रहता था। ये उन दिनों की बात है, जब मैं रोल पाने के लिए फिल्मी ऑफिसों के चक्कर लगाया करता था। एक जगह मुझे उम्मीद दिखी और वो थी भट्ट साहब (महेश भट्ट) का ऑफिस। लंबे स्ट्रगल के बाद एक दिन भट्ट साहब ने मुझे मोहित से मिलवाया। तब तक मोहित की जहर आ चुकी थी और कलयुग की शूटिंग कर रहे थे। उसी वक्त उन्होंने कहा कि वे मुझे अपनी अगली फिल्म में लेंगे। मगर उन्होंने ये भी कहा कि शाद नेगेटिव रोल है। उस वक्त तो मैं सिर्फ काम करना चाहता था, तो बस इस तरह वो लम्हे से मेरी जर्नी शुरू हुई। मेरे काम को सराहा गया और मुझे अपने रोल के लिए अवॉर्ड भी मिला।

**रेस्टॉरेंट्स और डायमंड्स में किस्मत आजमाई**

अच्छी शुरुआत के बावजूद शाद के करियर में शायद ने भी काफी उतार-चढ़ाव देखे। वे कहते हैं, कई बार रिजेक्ट भी हुआ, मगर परिवार और दोस्तों का सपोर्ट हमेशा रहा। अपने मुश्किल दौर का जीकर करते हुए वे कहते हैं, आशिकी 2 के बाद मैं लगातार काम पाने की कोशिश कर रहा था, मगर काम मिल नहीं रहा था, तब मैंने डायमंड्स के क्षेत्र में हाथ आजमाया। फिर मैंने रेस्टॉरेंट्स में भी किस्मत आजमाई। बाहर से भले लगे कि ये काफी चकाचौंध वाली लाइन है, मगर मेरे लिए ऐसा नहीं था।

**इन दो निर्देशकों ने हमेशा काम दिया**

शाद रंधावा की एक के बाद एक करके दोनों फिल्में, पहले सैयारा और अब हालिया दीवानियत ने बॉक्स ऑफिस पर हंगामा मचाया हुआ है। वे कहते हैं, मेरा मानना है कि फिल्म एक टीम वर्क होता है और मैं तो इसका एक छोटा-सा हिस्सा हूं। लेकिन मुझे बहुत अच्छा लगता है कि इन दोनों निर्देशकों ने मुझ पर हमेशा यकीन रखा। इन दोनों निर्देशकों ने मुझे हमेशा काम दिया। दीवानियत से पहले मैं मिलाप के साथ मरजांवा और सत्यमेव जयते 2 में काम कर चुका हूं। जहां तक मोहित की बात है, तो उसके साथ मैंने अपने करियर की शुरुआत वो लम्हे से की थी और उसके बाद मैं आवारापन, आशिकी 2, एक विलेन, मलंग, एक विलेन रिटर्न्स जैसी तमाम फिल्मों का हिस्सा रहा।

## हर्षवर्धन राणे ने अपने हिस्से के डायलॉग मुझे दिए

हाल ही में दीवानियत में सावंत के रोल से फेमस हुए शाद फिल्म के नायक हर्षवर्धन राणे के साथ अपने अनुभव को बयान करते हुए कहते हैं, हर्ष के साथ काम करते हुए मैंने पाया कि उनमें काम करने की भूख और नियत दोनों ही जबरदस्त है। पूरी टीम ही इस जज्बे से जुड़ी रही। हर्ष पर मैं शूटिंग से पहले एक ही बार मिला था और जिस दिन मैं सेट पर मिला तो उन्होंने मुझसे साफ़ तौर पर कहा कि स्क्रिप्ट में सावंत के किरदार में उतना रस नहीं है, मगर भाई हम लोग इस किरदार और मेरे चरित्र विक्रम आदित्य की एक अलग ही केमेस्ट्री बनाएंगे। उन्होंने वो फिल्म में किया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in